भोपाल, सोमवार
10 मार्च 2025
दैनिक मध्य स्वर्णिम
सच्ची ख़बर, सबकी ख़बर...
यह क्यूआर कोड स्कैन कर हमें पाएं अपने स्मार्ट फोन पर...
Scan QR Code to Read ePaper
www.madhyaswarnim.com
वर्ष - 12 अंक-193 पृष्ठ-08 मूल्य-₹02

भारत ने 12 साल बाद जीती चैंपियंस ट्रॉफी, न्यूज़ीलैंड को चार विकेट से हराया

# जहां के हम सिकंदर



दुबई। दुबई के मैदान पर एक बार फिर रोहित शर्मा का बल्ला चला और भारत ने लगातार जीत का रिकॉर्ड बरकरार रखा। चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 7 विकेट खोकर 251 रन बनाए और भारत ने 6 विकेट पर 254 रन बनाकर 49 वें ओवर में ही मैच जीत लिया।

भारत की जीत के शिल्पकार रहे कप्तान रोहित शर्मा जिन्होंने 83 गेंद में तीन छक्के और 7 चौके की सहायता से शानदार 76 रन की पारी खेली। विराट कोहली इस बार विराट पारी नहीं खेल सके। लेकिन बाकी के बल्लेबाजों ने कमाल दिखाया। श्रेयस अय्यर ने 62 गेंद में दो चौके और दो छक्के की सहायता से 48 रन के योगदान दिया। उधर अक्षर पटेल ने भी बहुमूल्य 29 रन बनाए। जिसमें एक चौका और एक छक्का शामिल था।

लेकिन निचले क्रम में लोकेश राहुल ने 33 गेंद में एक चौके और एक छक्के की सहायता से 34 रन बनाकर भारत को जीत की माला पहना दी। लोकेश राहुल नाबाद रहे। हार्दिक पांड्या ने भी एक चौका और एक छक्का लगाया और 18 रन बनाकर भारत की अंतिम पंक्ति के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। न्यूजीलैंड के बॉलर ने खूब कोशिश की मिचेल सेंटनर को दो विकेट मिले। माइकल ब्रेसवेल ने भी दो विकेट लिए। रचिन रवींद्र और काईल जेमीसन को एक-एक विकेट मिले। लेकिन गेंदबाजों की यह करामात भारत को जीत से नहीं रोक सकी।

इससे पहले टॉस जीत कर न्यूजीलैंड ने बल्लेबाजी का फैसला किया। न्यूजीलैंड के लिए डेरेल मिशेल ने 101 गेंद में धीमी 63 रन की पारी खेली। उससे कोई सहायता नहीं मिली और न्यूजीलैंड बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकामयाब रहा।

हालांकि माइकल ब्रेसवेल ने अंतिम चरणों में 40 गेंद में 53 रन बनाकर न्यूजीलैंड का स्कोर 251 रन तक पहुंचाने में सहायता की। बाकी के बल्लेबाज कोई खास कमाल नहीं दिखा सके भारतीय गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी की। मोहम्मद शमी थोड़े खर्चीले रहे लेकिन उन्होंने भी एक विकेट लिया। वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव को दो-दो विकेट मिले और रविंद्र जडेजा ने केवल तीन के एवरेज से रन देते हुए एक विकेट लिया।

# ओंकारेश्वर में बनाया जाएगा भव्य ज्योतिर्लिंग मंदिर: डॉ. यादव

## प्रदेश में नर्मदा के संपूर्ण तट पर धार्मिक आयोजनों के लिए किया जाएगा घाट निर्माण

मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को ओंकारेश्वर में ब्रह्मपुरी घाट पर आयोजित अमृतस्य मां नर्मदा पद परिक्रमा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने ब्रह्मपुरी घाट पर माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ओंकारेश्वर में भव्य ज्योतिर्लिंग मंदिर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्च माह के बाद चिंहित तीर्थ स्थलों पर शराब की दुकानों को बंद किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन के लिए जल महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि जैसे जल संरचना नदी-तालाब के दर्शन मात्र से ही मन प्रसन्न हो जाता है। मानव शरीर में जिस प्रकार धमनियों में रक्त का प्रवाह होता है उसी प्रकार धरती पर नदियाँ बहती हैं इसलिए उन्हें पवित्र रखना ज़रूरी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माँ नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को पवित्रता के साथ उसके मूल स्वरूप में स्थापित करने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा यात्रियों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश में जहां भी नर्मदा तट हैं वहाँ आयोजनों के लिए घाट निर्माण किया जाएगा एवं यात्रियों की सुविधा के लिए साईनऐप लगायें जाएँगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, जिसमें माँ नर्मदा का स्थान सभी नदियों में सबसे अलग है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं।



### सीएम ने ओंकारेश्वर में बनने वाले शिव पंचायतन मंदिर के निर्माण स्थल का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को मान्धाता पर्वत पर स्थापित आचार्य शंकराचार्य की 108 फ़ीट ऊँची बहुधातु की प्रतिमा के दर्शन करने एकात्म धाम पहुँचे। आगमन पर बटुकों ने मंत्रोच्चार के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आचार्य शंकराचार्य की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें प्रणाम किया। उन्होंने एकात्म धाम ओंकारेश्वर में बनने वाले शिव पंचायतन मंदिर के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एकात्म धाम के चरणबद्ध विकास पर आधारित प्रेजेंटेशन भी देखा।



### मुख्यमंत्री ने ओंकारेश्वर में माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि की कामना की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को ओंकारेश्वर के ब्रह्मपुरी घाट पर माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना की। उन्होंने 'अमृतस्य माँ नर्मदा पद परिक्रमा' कार्यक्रम में सपरिवार सम्मिलित होकर जीवनदायिनी माँ नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों के सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि उन्होंने पुण्य सलिला नर्मदा मैया से मध्यप्रदेश पर कृपा बनाये रखने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से माँ नर्मदा के संरक्षण और संवर्धन के लिए संकल्प लेने का आह्वान भी किया है।

# विधानसभा बजट सत्र आज से

## राज्यपाल के अभिभाषण से होगी शुरुआत, 12 को पेश होगा हिसाब किताब

मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू होने जा रहा है। सत्र की शुरुआत राज्यपाल मंगूभाई पटेल के अभिभाषण से होगी। वित्त मंत्री और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मोहन सरकार का दूसरा बजट 12 मार्च को पेश करेंगे। यह सत्र हंगामेदार होने के आसार है। विपक्ष परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक धनकुबेर सौरभ शर्मा के मामले में सरकार को घेरने की तैयारी में है। विधानसभा के बजट सत्र के लिए विधानसभा सचिवालय को 2939 प्रश्न मिले हैं। इसमें 1785 सवाल ऑनलाइन हैं और 1154 सवाल ऑफ लाइन हैं।



### 4.20 लाख करोड़ का हो सकता है बजट

मोहन सरकार का बजट करीब 4.20 लाख करोड़ का हो सकता है। 2024-25 का बजट 3.65 लाख करोड़ रुपए का था। इस बजट में किसान, महिला, युवा, जनजातीय और आम जनता पर फोकस होगा। इसमें 2028 के सिंहस्थ, श्री कृष्ण पाथेय और राम वन गमन पथ को लेकर भी प्रावधान हो सकता है। इस बार आम जनता के लिए बजट डिजिटल फार्मेट में क्यूआर कोड स्कैन कर के पढ़ने की भी सुविधा रहेगी। सरकार के सभी विभागों की वेबसाइट पर यह क्यूआर कोड उपलब्ध कराया जाएगा। वित्त मंत्री का बजट भाषण खत्म होने के बाद यह उपलब्ध होगा। मध्य प्रदेश विधानसभा में ई-विधान लागू करने की तैयारी की जा रही है। विधानसभा के अधिकारियों के अनुसार अगले सत्र से प्रदेश की विधानसभा में ई-विधान लागू करने की तैयारी है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जाना हालचाल

मध्य स्वर्णिम

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का हालचाल जाना । उन्होंने उपराष्ट्रपति के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की। पीएम 'एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।' प्रधानमंत्री के अलावा लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह समेत कई नेताओं ने उपराष्टपति के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। ओम बिरला ने एक्स पर लिखा, 'उपराष्टपति जगदीप धनखड़ जी के अस्वस्थ होने का समाचार मिला। मैं ईश्वर से उनके बेहतर स्वास्थ्य और शीघ्र सकुशल होने की कामना करता हूं।' शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पर लिखा, 'उपराष्टपति जगदीप धनखड़ के अस्वस्थ होने का समाचार मिला। बाबा महाकाल से प्रार्थना करता हूं कि वह शीघ्र स्वस्थ हों और पूर्ण ऊर्जा से राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान दें।' छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अस्वस्थ होने की सूचना प्राप्त हुई है। प्रभु श्रीराम से उनके शीघ्रातिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। उपराष्ट्रपति को हृदय संबंधी समस्या के चलते दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है। बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें 8-9 मार्च की रात एम्स लाया गया, जहां उनका तत्काल इलाज शुरू किया गया।



## @खबर संक्षेप

### रामदेव ने ट्रंप की नीति को आर्थिक-टैरिफ आतंकवाद करार दिया

**नागपुर।** पतंजलि आयुर्वेद के सह-संस्थापक रामदेव ने रविवार को कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की निंदा की। उन्होंने कहा कि भारत को धार्मिक आतंकवाद पर लगाम लगाने के लिए पहल करनी चाहिए। नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को लेकर भारत का जिक्र किए जाने के मामले पर भी बात की। ट्रंप की टैरिफ नीति पर पूछे गए सवाल पर रामदेव ने दावा किया कि यह एक तरह का आर्थिक आतंकवाद और टैरिफ आतंकवाद है। यह दुनिया को एक अलग युग में ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया में बन रहे खतरनाक हालात के बीच हमें भारत को शक्तिशाली और विकसित बनाने की जरूरत है, क्योंकि कुछ शक्तिशाली देश दुनिया को विनाश की ओर ले जाना चाहते हैं। नागपुर के मिहान में पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क के उद्घाटन के मौके पर बोलते हुए पत्रकारों से बातचीत के दौरान योग गुरु ने यह भी कहा कि मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज लोगों के आदर्श हैं, न कि मुगल सम्राट औरंगजेब।



### सुरंग हादसे में एक शव बरामद, सात की तलाश अब भी जारी

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सुरंग हादसे में एक शव बरामद हुआ है। जो शव बरामद हुआ, वह एक मशीन में फंसा हुआ था। बचाव दल ने मशीन को काटकर शव निकाला। अभी सात अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। बचाव अभियान में केरल के खास खोजी कुत्तों की भी मदद ली जा रही है। हादसे को 15 दिन से ज्यादा का समय बीत गया है। दरअसल, श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) की आंशिक रूप से ध्वस्त सुरंग में फंसे आठ लोगों को निकालने के लिए दो सप्ताह से प्रयासरत बचाव दलों ने रविवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया। शव को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया। इससे पहले राज्य सरकार ने बचाव अभियान में केरल पुलिस के श्वान दस्तों को भी शामिल किया था और बचाव कर्मियों ने उन स्थानों पर खुदाई की जहां श्वान दस्तों ने मानव मौजूदगी का पता लगाया था। इन कुत्तों को लापता लोगों और शवों का पता लगाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। एक बचाव अधिकारी ने बताया कि मशीन में फंसे शव के केवल हाथ दिखाई दे रहे थे। बीते दिन राज्य के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने बताया था कि खोजी कुत्तों ने खास जगह पर तेज गंध का पता लगाया है। पता चला है कि वहां तीन लोग मौजूद हैं। इसके बाद वहां जमा मलबा हटाया जा रहा था।



### कांग्रेस ने की मंत्री प्रहलाद पटेल को पद से हटाने की मांग, जमकर की नारेबाजी

**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के खिलाफ कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। डिंडोरी जिला कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट तिराहा पर नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए वाटर कैनन का उपयोग किया। कांग्रेस विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा, जिसमें मंत्री पटेल को पद से हटाने की मांग की गई। विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने आरोप लगाया कि मंत्री प्रहलाद पटेल ने सार्वजनिक रूप से प्रदेश की जनता को 'भिखारी' निरूपित किया है। उन्होंने कहा कि मंत्री पटेल जहां भी जाते हैं, वहां जनता ज्ञापन देने के नाम पर सौगातों की भीख मांगती है।



# प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिये औद्योगिक इकाइयों को हर संभव मदद दी जायेगी

## विजयवर्गीय एवं सिलावट ने नई संयंत्र इकाई का किया उद्घाटन



***भोपाल।*** *नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने रविवार को धार जिले के पीथमपुर में मान ग्रुप की मान इंडस्ट्री का उद्घाटन किया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य सरकार ने हर कदम पर औद्योगिक कम्पनियों को उद्योग लगाने और निवेश करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में निवेश को बढ़ाने के लिये उद्योग संवर्धन नीति में बदलाव किये हैं। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने कहा कि मान कम्पनी के नई यूनिट के उद्घाटन से युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में लगातार औद्योगिक विकास हो रहा है।*

*मान ग्रुप के चेयरमैन डॉ. रमेश मनसुखानी ने बताया कि हमारी कंपनी गुजरात, जम्मू, अबूधाबी एवं सउदी अरब में उद्योग स्थापित करने के बाद अब पीथमपुर में अपना नया प्लांट स्थापित करने जा रही है। उन्होंने कहा कि मान इंडस्ट्री ग्रुप अत्यंत गर्व और विनम्रता के साथ मध्यप्रदेश की भूमि से गहराई से जुड़ा हुआ है। हमने पहला निर्माण संयंत्र पीथमपुर में स्थापित किया था। पिछले तीन दशकों में हमें प्रदेश के औद्योगिक विकास और देश के ऊर्जा सेक्टर में योगदान देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। हमारा संगठन 25 देशों के वैश्विक ग्राहकों को अपनी सेवाएं उपलब्ध करा रहा है।*

# कुकी समूह का अनिश्चितकालीन बंद

## मणिपुर में तनाव के बीच शांति, सुरक्षा बल अलर्ट

मध्य स्वर्णिम

**इंफाल।** मणिपुर में कुकी समूहों की ओर से सुरक्षा बलों की कार्रवाई के खिलाफ लागू किए गए अनिश्चितकालीन बंद का मिलाजुला असर नजर आया। राज्य के कुकी बहुल इलाकों में तनावपूर्ण शांति रही। वहीं कुछ जिलों में कुकी प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन किया। वहीं बंद को देखते हुए सुरक्षा बल अलर्ट मोड पर रहे। चूराचंदपुर और टेंग्नौपाल जिलों के कुकी बहुल इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए और पत्थरों से सड़कें जाम कर दीं। जिन्हें सुरक्षा बलों ने हटाया।

कुकी बहुल इलाकों में दुकानें बंद रहीं और यहां आंदोलनकारी लोगों से घरों के अंदर रहने के लिए कहते नजर आए। अफसरों ने बताया कि एनएच-2 (इंफाल-दीमापुर रोड) पर गमघीफाई और जिले के अन्य हिस्सों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की गश्त की जा रही है।

आईटीएलएफ ने कुकी जो काउंसिल (KZC) द्वारा बुलाए गए अनिश्चितकालीन बंद को समर्थन दिया। इस बंद का उद्देश्य राज्य में सभी सड़कों पर मुक्त आवाजाही का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षा बलों की कार्रवाई का विरोध करना था।



### इंदौर के चौराहे से 22 साल बाद हटी श्रमिक नेता रामसिंह भाई की प्रतिमा

**इंदौर।** इंदौर के पाटनीपुरा चौराहे पर 22 साल पहले कांग्रेस के शासनकाल में श्रमिक नेता राम सिंह भाई की प्रतिमा लगाई गई थी, लेकिन अब उसे नगर निगम ने हटा लिया है। प्रतिमा को चौराहे के समीप डिवाइडर पर शिफ्ट किया गया है। नगर निगम पाटनीपुरा से मालवा मिल के बीच एक ब्रिज का निर्माण भी कर रहा है। इसका भूमिपूजन भी हो चुका है। दो-तीन दिन में इसके लिए पाटनीपुरा मार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी प्रतिबंधित कर दी जाएगी। छह माह के लिए यह मार्ग बंद होगा। इस मार्ग के चौराहे पर रोटरी भी बनी हुई है। इस कारण ट्रैफिक बाधित होता था। चौराहे के ट्रैफिक इंजीनियरिंग के लिए पहले रोटरी को छोटा किया गया था, लेकिन फिर भी यातायात में परेशानी होती थी।



**हमला** | जवानों ने एक नक्सली को किया ढेर, रुक-रुक कर हो रही फायरिंग

# हॉक फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

**मंडला।** मंडला जिले में एक बार फिर नक्सलियों की धमक से हड़कंप मच गया है। मंडला-बालाघाट की सीमा पर लगे चिमटा फॉरेस्ट कैंप में रविवार को हॉक फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। दोपहर से शुरू हुई देर शाम तक जारी है, इस मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है। पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा ने नक्सली के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि दोनों तरफ से फायरिंग जारी है।

इस वजह से सुरक्षाबल मृत नक्सली के शव तक नहीं पहुंच पाए हैं। हालांकि दूर से शव दिखाई दे रहा है। सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन अंधेरा होने के बाद भी जारी है। इलाके में और नक्सलियों की मौजूदगी की आशंका के चलते पूरे क्षेत्र की घेराबंदी की गई है।



### सर्चिंग टीम पर हुई थी फायरिंग

मंडला पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के अनुसार खटिया मोर्चा के जंगलों में हॉक फोर्स की टीम सर्चिंग कर रही थी। इसी दौरान नक्सलियों ने गुट ने हॉक फोर्स की टीम पर फायरिंग प्रारंभ कर दी। हॉक फोर्स ने टीम के द्वारा जवाबी फायरिंग की गई। मुठभेड़ में दोनों तरफ से कई राउंड फायरिंग की गई। हॉक फोर्स की टीम ने एक नक्सली को मार गिराया है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। हॉक फोर्स द्वारा सर्चिंग अभियान जारी है। मुठभेड़ में अन्य नक्सलियों के घायल होने की संभावना है। नक्सली जंगलों में भाग गए है और हॉक फोर्स के जवान उनकी तलाश में लगे हुए हैं।

### पहले भी हो चुकी मुठभेड़

मंडला जिले में लंबे समय से नक्सली अपनी उपस्थिति जंगलों में देते रहे हैं। यहां छोटी वारदातों को अंजाम देने के बाद ये नक्सली भाग जाते हैं। जिले में पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ पहले भी हुई है। बता दें कि जिले मे कुछ वर्षो से सीआरपीएफ की बटालियन मंडला जिले में तैनात की गई है। जिसके बाद से जिला व हॉकफोर्स के ऑपरेशन को ताकत मिली है और अधिक ऊर्जा से अब बल कार्रवाई में जुट गया है। पूर्व में जिले के मोतीनाला थाना के ग्राम लालपुर के नजदीक पुलिस व नक्सलियों की मुठभेड़ हुई थी। जिसमें एक महिला नक्सली समेत 2 नक्सलियों को पुलिस ने मार गिराया है। घटनास्थल से पुलिस ने हथियार भी बरामद किए थे। मारे गए दोनों नक्सली कान्हा भोरमदेव बोड़ला कमेटी के सदस्य थे।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### थाना परिसर में किया पौधारोपण



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने रविवार को परासिया थाना परिसर में पौधारोपण किया। थाना कालोनी में बने मंदिर के आसपास पौधे लगाए गए। इस दौरान नरेंद्र विश्वकर्मा, ललित सूर्यवंशी, अजय द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। गौरतलब है कि पुलिस विभाग ने हाल ही में थाना परिसर में मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया है। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह किया गया है। इस मंदिर के आसपास सुंदरता बढाने के लिए पौधे लगाए गए।

### सीटू ने महिला विंग एडवा के साथ महिलाओं के उत्थान पर की चर्चा



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** मजदूर संगठन लाल झंडा मजदूर यूनियन सीटू और संगठन की महिला इकाई एडवा ने रविवार को गुढी में महिलाओं को लेकर सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन मे महिलाओं के उत्थान पर चर्चा की गई। इस अवसर पर रैली निकाली गई। रैली का समापन रविवार को साढे पांच बजे हुआ। मंचासीन महिलाओं में अपने अपने उद्बोधन में नारी शक्ति, महिलाओं के उत्थान, शिक्षा, नौकरी आदि में विशेष योगदान पर प्रकाश डाला। प्रमिला निगम, उषा भारती, सुनंदा सोनी, ज्योति भलावी, माला चौधरी सहित सभी महिलाओं ने बारी बारी से संबोधित किया। मंच संचालन उर्मिला भारती ने किया। अनुराधा, जगवती ने गीत गाए। रीता, नम्रता, लक्ष्मी, प्रियंका सहित कई महिलाओं ने उद्बोधन दिया। सीटू यूनियन प्रतिनिधियों में अमरनाथ सिंह, मीर हसन, अशोक भारती, संतोष साहू, बक्कसीस अली, एस.पी.निगम ,भंडोल चौधरी, रामसजीवन आदि ने भी कार्यक्रम में अपनी बात रखी। कार्यक्रम के समापन पश्चात् में शामिल यूनियन कार्यकर्ता और महिलाओं ने रैली निकाली रैली शहीद भवन से प्रारंभ होकर बस स्टैंड , दिव्य नगर , कांटा घर से वापस कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। कार्यक्रम में मार्कण्डेय मिश्रा, शशि कपूर भारती, नितिन साहनी, रामनरायण कश्यप,अकलेश सारनकर, सदनलाल, विकास, विदेशी, दिनेश सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आराधना विद्यालय में महिलाओं का किया सम्मान



**परासिया।** अन्तर राष्ट्रीय महिला दिवस पर आराधना विद्यालय में मात्रशक्तियो का सम्मान किया गया। शाला परिवार की 22 मातृ शक्तियो को उपहार एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। र्यक्रम में , बसन्त मालवी , अंजलि श्रीवास्तव , सावित्री वर्मा , फेमुन्निशा कुरेशी, शशिबाला हैरी गिरीश सूर्यवंशी , मोहन लीलहारिया, श्याम सिंग यादव, मोहम्मद एफाज उपस्थित थे । , कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन शाला के प्राचार्य सैफ खान ने किया।

### उत्कृष्ट और मॉडल स्कूल में प्रवेश के लिए 447 परीक्षार्थी ने दी परीक्षा

**रायसेन(मध्य स्वर्णिम)।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय और मॉडल स्कूल में प्रवेश परीक्षा रविवार को आयोजित की गई। जिले में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए। जिला मुख्यालय में शासकीय आदर्श कन्या स्कूल और उत्कृष्ट स्कूल को परीक्षा केंद्र के रूप में चुना गया।

# 3 घरो में हुई चोरी पुलिस ने, 4 आरोपीओं को किया गिरफ्तार

## 50 सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चोरो को पकड़ा,टीम को मिलेगा इनाम





रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।

जिले की बरेली थाना क्षेत्र में 15 दिनों में चोरो ने 3 घरो को निशाना बनाया,और करीब 3,25,500 रुपए के सोने-चांदी के जेवर सहित नगद चोरी किए,पुलिस ने चोरी की चार आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदातों का पर्दाफाश किया है।

एसपी पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि 31 जनवरी को प्रेमनगर कॉलोनी के रहने वाले धनराज धाकड़ के घर से 70 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी हो गए थे।

इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के लिए एक विशेष टीम बनाई गई। टीम ने आसपास के करीब 40-50 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर चार आरोपियों को पकड़ा गया। इनमें इमरान उर्फ छुटल्ला 22बर्ष,आसिफ 30 बर्ष,अरमान उर्फ असलम अली 23बर्ष और अकरम उर्फ छुटल्ली शामिल हैं। सभी चैनपुर थाना बाड़ी के निवासी हैं।

**15 दिन में तीन घरों को बनाया निशाना:** पूछताछ में आरोपियों ने 30.31 जनवरी को प्रेमनगर कॉलोनीए 25-26 जनवरी को पीजी कॉलेज के पीछे और 13-14 फरवरी को राधापुरम कॉलोनी में तीन जगह चोरी करना कबूल किया। इनमें से दो आरोपी आदतन अपराधी हैं, जिनके खिलाफ बाड़ी और बरेली थाने में पहले से चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया हैए जिसमें सोने के जेवर, नकदीए, मोटरसाइकिल आदि शामिल हैं। पुलिस की इस सफलता पर एसपी ने टीम को नकद इनाम देने

### पुलिस ने सवा तीन लाख का माल किया बरामद

बरेली पुलिस ने चोरो से सवा तीन लाख का माल बरामद किया जिनमें सोने के जेवर ,मंगलसूत्र, 06 मोती1 जोड़ी झुमकली ,75,500 रुपए नगदी, मोटरसाइकिल आदि शामिल है

### 4 वाहन चोर गिरफ्तार,12 चोरी की बाइक बरामद

जिले के सतलापुर पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा है। उन सभी के पास से 12 चोरी की बाइक बरामद किया है। पुलिस ने चोरी की वाहनों को खरीदने वालों पर भी कार्रवाई की है। एसपी पंकज पांडे ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र सतलापुरए मंडीदीप और भोपाल में लगातार वाहन चोरी की घटनाएं हो रही थीं। मामले की जांच के लिए एसडीओपी औबेदुल्लागंज शीला सुराणा के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। टीम ने क्षेत्र के करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी विश्लेषण किया।

# कांबिंग गश्त में पुलिस ने पकडे फरार वारंटी

## अपराधियों की धरपकड की, कबाडियों की चौकिंग की



परासिया (मध्य स्वर्णिम)।


परासिया पुलिस ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात में कांबिंग गश्त के दौरान फरार वारंटी पकडे। इस दौरान पुलिस ने अपराधियों की धरपकड की। साथ ही कबाडियों की चौकिंग भी की। रविवार को चार बजे पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

'कॉम्बिंग गश्त के दौरान परासिया अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जितेन्द्र जाट के नेतृत्व में थाना परासिया द्वारा गठित टीम ने वारंटी पकडे। न्यूटन पुलिस ने स्थाई और गिरफ्तारी वारंटियो को गिरफ्तार किया। चांदामेटा, उमरेठ और शिवपुरी पुलिस ने भी आरोपियों को पकडा। सभी गिरफ्तार वारंटियो को न्यायालय में. पेश किया गया। 'आपराधिक गतिविधियो में संलिप्त व्यक्तियो, गुंडा ,निगरानी बदमाश जिला बदर के अपराधियों, जेल से रिहा आरोपियों, कबाड़ियो को काम्बिंग ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीम द्वारा सघनता से चेक किया गया। पुलिस टीमों द्वारा इस अभियान के दौरान कई सक्रिय बदमाशो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई । साथ ही गुण्डों एवं हिस्ट्री शीटरों के रिकार्ड को अपडेट किया गया ।

शहर व देहात क्षेत्र की गली मोहल्लो में घूमकर पुलिस ने गुण्डे बदमाश, जेल से रिहा आरोपियो की धरपकड़ की । पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से यह कॉम्बिंग ऑपरेशन जारी हैं ।

# भोजपुर शिव मंदिर पहुंचे कपिल शर्मा, दर्शन कर वीडियो किया शेयर

## भोपाल और रायसेन जिले में चल रही फिल्म की शूटिंग



**रायसेन।** जिले के भोजपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा ने पूजा-अर्चना की। उन्होंने इस दौरान मंदिर की खूबसूरत वास्तुकला की सराहना की। कपिल ने अपने इंस्टाग्राम पर यात्रा की एक क्लिप शेयर की है। कपिल ने पोस्ट में बताया कि 11वीं शताब्दी में राजा भोज ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था। उन्होंने अपने फॉलोअर्स से भोपाल आने पर यहां दर्शन करने की अपील की। वर्तमान में कपिल शर्मा अपनी फिल्म किस किसको प्यार करू के सीक्वल की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म की शूटिंग भोपाल और रायसेन जिले में चल रही है। गत्दिनों पहले टीम ने सांची के एक एक होटल में भी शूटिंग की। फिल्म का निर्माण वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट और अब्बास मस्तान फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले हो रहा है। अनुकल्प गोस्वामी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग जनवरी में शुरू हुई थी। पहले पार्ट का निर्देशन करने वाली जोड़ी अब्बास-मस्तान इस बार कपिल के साथ फिर से काम कर रही है।

# अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद ने किया महिलाओं का सम्मान

## बडकुही महाकाल वाटिका में किया आयोजन

परासिया (मध्य स्वर्णिम)।



बडकुही के महाकाल वाटिका वार्ड क्रमांक नौ में अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद ने महिलाओं का सम्मान किया। संगठन की महिला जिला अध्यक्ष माया धुर्वे ने रविवार को शाम साढे सात बजे बताया कि कार्यक्रम में धार्मिक कार्य पूजन कर महिलाओं को सम्मानित किया गया।

भगवान शिवजी का पूजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की महिला अध्यक्ष माया धुर्वे ने की। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में कंधे से कंधा मिलाकर देशहित, समाजहित में योगदान देने पर अपनी बात रखी। उन्होने कहा कि देश के इतिहास एवं वर्तमान स्थिति मे महिलाओ का योगदान महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में दुर्गा उईके ब्लॉक अध्यक्ष महिला, राखी उडूके , राहुल सराठी, विमला युवनाती, बजकुमारी सरेआम, नैना वाडिवा, रोशनी इरपाची, गंगा वाडिवा, देविका इरपाची , राजकुमारी सल्लाम ,शांती मसराम, श्यामकली सराठे, हरीश उईके, नीलेश मर्सकोले, मयूर सल्लाम, मन्नू इवनाती शंभु धुर्वे, आदि उपस्थित रहे।

# शहर में 50 जगहों पर होगा होलिका दहन, पाटनदेव मंदिर से निकलेगा जुलूस - शांति समिति की बैठक हुई आयोजित, शांति व्यवस्था बनाने का दिया आश्वासन

रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।



होली,रंग पंचमी और ईद त्योहारों की तैयारियों को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक आयोजित कि गई। बैठक में एसडीएम मुकेश सिंह,एसडीओपी प्रतिभा शर्मा और तहसीलदार हर्ष विक्रम सहित हिंदू उत्सव समिति और मुस्लिम त्योहार कमेटी के सदस्य शामिल हुए।

एसडीएम मुकेश सिंह ने कहा कि होली को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है और किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। शहर में लगभग 50 स्थानों पर होलिका दहन होगा, जहां लाइटिंग और साफ.-सफाई की व्यवस्था की जाएगी। हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में पाटनदेव हनुमान मंदिर से जुलूस निकाला जाएगा, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए महामाया चौक पर समाप्त होगा। एसडीएम ने नगर पालिका को शहर की साफ.-सफाई के लिए विशेष निर्देश दिए हैं। नगर निरीक्षक संदीप चौरसिया ने बताया कि होलिका दहन से पहले सभी स्थानों का निरीक्षण किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह तैयार रहने का आश्वासन दिया है।

# कॉम्बिंग गश्त में 22 स्थायी वारंटी गिरफ्तार, 150 से ज्यादा हिस्ट्रीशीटर्स की हुई चेकिंग



रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।

एसपी पंकज कुमार पाण्डेय के निर्देशन में शनिवार रात कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। आगामी त्योहारों को देखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ये अभियान शुरू किया गया। इस दौरान पुलिस ने 22 स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया और 43 गिरफ्तारी वारंट की तामीली कराई। 66 संपत्ति संबंधी आरोपियों की जांच की गईए जबकि 16 प्रकरणों में 32 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।

***होटल,ढाबा और एटीएम की जांच:*** एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे ने थाना कोतवाली पहुंचकर पुलिस अधिकारियों को ब्रीफ किया। सभी एसडीओपी ने थानावार टीमें बनाईं और रात 12 बजे से अभियान शुरू किया। टीमों ने होटल, ढाबा और एटीएम की जांच की। साथ ही रात में घूम रहे संदिग्ध लोगों और वाहनों की भी सघन जांच की गई। अभियान के दौरान 150 से अधिक हिस्ट्रीशीटर और गुंडा-बदमाशों की चेकिंग की गई। पुलिस ने इन्हें आपराधिक और असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने की सख्त चेतावनी दी।

# शिविर में 13 बच्चों को फिजियोथेरेपी के लिए किया चिन्हित



**बैतूल।** जिला चिकित्सालय के जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र परिसर में क्लब फुट के चिन्हित बच्चों के लिये शिविर का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ.रविकांत उईके ने बताया कि शिविर में कुल 28 बच्चों का पंजीयन किया गया। जिसमें 21 बच्चों का फॉलो अप अनुसरण किया गया।

नये पंजीकृत बच्चों की संख्या 7 है। 15 बच्चों को सर्जरी के लिये चिन्हित किया गया। 10 बच्चों का चिकित्सकीय प्रबंधन किया गया। इसके अलावा 13 बच्चों को फिजियोथेरेपी के लिये चिन्हित किया गया तथा 3 बच्चों को क्लब फुट संबंधी जूते प्रदान किये जाने के लिए चयनित किया गया।

शिविर में पाढर चिकित्सालय के अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ.थामस भानू, जिला अर्ली इन्टरवेन्शन मैनेजर योगेन्द्र कुमार, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ.शैलेन्द्र तायवाड़े एवं डॉ. षष्टतिला, स्पेशल एजुकेटर कमलेश कासलेकर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से आर.बी.एस.के. चिकित्सक तथा फार्मासिस्ट, शेखर हारोड़े, शब्बीर मसीह, प्रवीण मेहुणकर उपस्थित रहे।

# विद्युत सुरक्षा पर ध्यान दें, ट्रांसफार्मर व खंभों से दूर होली जलाएं

**रायसेन।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत सुरक्षा को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। कंपनी ने आम नागरिकों तथा ग्रामीणजनों से आग्रह किया है कि वे होली जलाने को लेकर सावधानी बरतें। ट्रांसफार्मर व खंभों से दूर होली जलाएं, ताकि किसी तरह की कोई दुर्घटना न हो, तथा सरकारी संपत्ति को किसी तरह की कोई क्षति न पहुंचे। कंपनी ने कहा कि विद्युत लाईनों, उपकरणों एवं खंभो से छेड़खानी करना विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। जरा सी असावधानी या छेड़खानी से बड़े-बड़े खतरे पैदा हो सकते हैं। इसलिए आम लोगों को कुछ जरूरी सावधानियां बरतनी चाहिए। ऐसी लाईनें जिनमें विद्युत शक्ति प्रवाहित होती है यदि ऑधी तूफान या अन्य कारणों से अकस्मात टूट जाएं तो उनके समीप जाकर, उन्हें छूकर खतरा मोल न लें। लाईन टूटने की सूचना निकटस्थ कंपनी अधिकारी को अथवा विद्युत कर्मचारी को शीघ्र दें, संभव हो तो किसी व्यक्ति को उस जगह अन्य राहगीरों को चेतावनी देने के लिए रखें अथवा 1912 पर संपर्क कर सूचना जरूर देवें।

# कलेक्टर सूर्यवंशी ने जिले में निजी नलकूप खनन पर लगे प्रतिबंध में 20 मार्च तक दी छूट

## 20 मार्च तक कृषक, आमजन करा सकेंगे निजी नलकूप खनन

***बैतूल।*** *कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने जिले में निजी, नवीन नलकूप खनन पर लगाए गए प्रतिबंध में कृषकों और आमजनों को 20 मार्च तक शिथिलता प्रदान की है। जारी आदेश के अनुसार जिले में मप्र पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत निजी, नवीन नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया गया था। उक्त प्रतिबंध प्रभावशील होने के उपरांत समस्त जिले के वृहद संख्या में कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उक्त प्रतिबंध से कुछ समयावधि के लिए छूट प्रदान करने की मांग की गई थी। कृषकों की समस्या व आमजनों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए एवं तकनीकी अधिकारी से चर्चा उपरांत 4 मार्च 2025 को जारी नवीन नलकूप खनन के प्रतिबंध में शिथिलता प्रदान करते हुए आंशिक संशोधन कर 20 मार्च तक प्रतिबंध से मुक्त कर कृषकों एवं आमजनों को निजी, नवीन नलकूप खनन के लिए अनुमति प्रदान की है। उक्त आदेश 21 मार्च 2025 से पुनः यथावत प्रभावशील रहेगा, जिसके तहत सभी शर्तें यथावत रहेगी।*

# सोनकच्छ से सोजना तक नही है सड़क ग्रामीण हो रहे परेशान

**रायसेन।** सरकार गांव-गांव सड़क निर्माण की बात करती है। लेकिन हकीकत कुछ और है। सांची विकासखंड के ग्राम सोनकच्छ से सोजना तक सड़क नहीं बनी। चार किलोमीटर सड़क के अभाव में ग्रामीणों को 20 किलोमीटर घूमकर नकतारा जाना पड़ता है। विद्यार्थियों को स्कूल जाने में दिक्कत होती है। मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में परेशानी होती है। किसान खेत तक नहीं पहुंच पाते।

ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। पंचायत में आवेदन दिया। विधायक डॉक्टर प्रभु राम चौधरी को ज्ञापन सौंपा। जनसुनवाई में भी गुहार लगाई। लेकिन नतीजा शून्य रहा। न सड़क बनी, न समस्या हल हुई। अब चुनाव नजदीक हैं। नेता फिर विकास के दावे करेंगे। वोट मांगने आएंगे। लेकिन सड़क कब बनेगी, इसका कोई ठिकाना नहीं।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### नौकरी का झांसा देकर शिवपुरी की महिला से भोपाल की होटल में किया था रेप

**भोपाल।** थाना मंगलवारा पुलिस टीम ने रेप के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। टीआई मंगलवारा अजय कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया की 20 दिसंबर 2024 को थाना कोतवाली दतिया से आई केस डायरी के आधार पर दुष्कर्म, एससीएसटी एक्ट का मामला दर्ज किया गया था। जॉच में सामने आया की पीड़ित महिला के साथ आरोपी देवेन्द्र शर्मा पुत्र बालकृष्ण शर्मा निवासी पाठक मोहल्ला पिछोर जिला शिवपुरी ने जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने पुलिस को दिये अपने बयानो में बताया की आरोपी देवेन्द्र शर्मा 8 अक्टूबर 2024 को उसे नौकरी लगवाने का झांसा देकर भोपाल लेकर आया तथा मंगलवारा इलाके में स्थित होटल क्राउन मे ठहरा। वहॉ होटल के कमरे मे देवेन्द्र शर्मा ने उसके साथ जर्बदस्ती कर डाली। विरोध करने और घटना की शिकायत करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। थाना सिविल लाईन दतिया में जीरो पर कायमी की गई थी। जॉच के आधार पर मंगलवारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओ में असल कायमी कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु किये। आरोपी देवेन्द्र शर्मा मामला दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था। पुलिस टीमो ने उसकी तलाश में पहले कई बार उसके ठिकानो पिछोर जिला शिवपुरी सहित अन्य जगहो पर जाकर दबिश दी थी लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़ सका था।

### प्रद्युम्न सिंह तोमर ने किया सीवर लाइन का भूमि पूजन

भोपाल। ग्वालियर में बहोड़ापुर से आनंद नगर होते हुए सागरताल चौराहे तक सीवर की मैन ट्रैक लाइन 5 करोड़ 23 लाख रुपए में बनाई जाएगी। इस महत्वपूर्ण परियोजना से क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं में बड़ा लाभ मिलेगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात आनंद नगर में सीवर लाइन मैन ट्रैक लाइन के भूमि पूजन के अवसर पर कही। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि आनंद नगर को काफी समय पहले जीडीए ने बसाया था, तब सीवर लाइन डाली गई थी। आज क्षेत्र में सीवर की समस्या काफी बढ़ गई है, इसके निराकरण के लिए पूरे आनंद नगर में नई सीवर लाइन डाली जा ही है। उन्होंने कहा कि उपनगर ग्वालियर में छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण भी प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। आपने और ईश्वर ने जो सेवा करने का अवसर दिया है, वह में जीवन पर्यंत आपकी सेवा करके निभाऊंगा। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि ग्वालियर की तस्वीर बदलनी है, ग्वालियर को सुंदर व स्वच्छ शहर बनाना है, इसके लिए सभी शहरवासी मिलकर कार्य करें। घरों से निकलने वाले कचरे को सिर्फ कचरा वाहन में ही डालें, इधर-उधर ना डालें। शहर में प्रदूषण कम हो इसके लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण भी हमें करना है। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्य में नागरिक उपस्थित रहे।

### हाई टेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से मचा हड़कंप



**भोपाल।** पुराने भोपाल के शाहजहानाबाद थाना क्षेत्र के कबीट पुरा में रविवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब यहॉ अचानक ऊपर से गुजरी हाई टेंशन लाइन का तार टूटकर सड़क पर आ गिरा। तार गिरते ही उसमें आग लग गई और सड़क पर खड़ी एक्टिवा और एक बाइक जल गईं। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। आसपास के लोगो ने बताया की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे एक गिलहरी हाई टेंशन लाइन से टच हो गई थी। इससे खंभे में आग लग गई और देखते ही देखते तार जलता हुआ नीचे सड़क पर आ गिरा। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत बिजली विभाग और फायर ब्रिगेड को सूचना देते हुए आग बुझाने की कोशिश शुरु की। तार गिरने के बाद करीब 20 मिनट तक उसमें आग जलती रही, जिससे सड़क पर चार इंच गहरा गड्ढा हो गया। दमकल के पहुंचने से पहले ही लोगों ने पास पड़ी धूल और रेत डालकर आग पर काबू पा लिया। इसके बाद बिजली विभाग ने लाइन बंद की लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था।

# हमीदिया में महिला की मौत के बाद हंगामा

## चिकित्सकों के साथ मारपीट, 3 डॉक्टरों को आई चोट, सुरक्षा की मांग

मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में एक बार फिर से मरीजों और चिकित्सकों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। दरअसल अस्पताल में मरीज के परिजन ने डॉक्टर्स पर हमला कर दिया। मारपीट में तीन डॉक्टर को चोटें आई हैं, इनमें एक जूनियर डॉक्टर को सिर में चोट आई है। घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे की है। अस्पताल के आईसीयू-3 में मरीज डॉली बाई की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इससे गुस्साए परिजन और वहां मौजूद भीड़ ने ऑन ड्यूटी डॉक्टरों पर हमला कर दिया।

कुछ देर में हथियारों से लैस लोग आए और डॉक्टरों से मारपीट की। इस दौरान आईसीयू में 10 से ज्यादा डॉक्टर मौजूद थे। डॉक्टरों ने इस हमले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है और प्रशासन से सुरक्षा बढ़ाने की अपील की है।



### डॉक्टरों ने की सुरक्षा की मांग

हमले के बाद अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों ने सुरक्षा बढ़ाने की मांग की गई है। इस घटना से जुड़े दो वीडियो भी सामने आए हैं। वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग डॉक्टरों पर हमला कर रहे हैं। वीडियो के आधार पर पुलिस संदिग्धों की पहचान करने में जुटी हुई है।

ड्यूटी डॉक्टर्स ने सीएमओ हमीदिया को पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने बताया, हमीदिया अस्पताल में एक गंभीर घटना हुई है। आईसीयू ( ।।3ष्ठ) में भर्ती मरीज डॉली बाई की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा हुआ। मरीज को 9 मार्च 2025 को मृत घोषित किया गया था। इसके बाद करीब 30-40 लोगों की भीड़ ने आईसीयू में तैनात डॉक्टरों पर हमला कर दिया।

### जूनियर डॉक्टरों ने कहा दुर्भाग्यपूर्ण घटना

मामले में जूडा अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप गुप्ता ने कहा, घटना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। हम पहले भी डॉक्टर्स की सुरक्षा को लेकर सीएम, डिप्टी सीएम, पुलिस कमिश्नर और प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं। इससे पहले महिला डॉक्टर की कार में तोड़फोड़ हुई। कई बार यहां परिसर में रात में संदिग्ध लोग घूमते रहते हैं। इसके लिए हमें सुरक्षा दी जानी चाहिए।

### जूनियर डॉक्टरों की प्रमुख मांगें

1- अज्ञात लोगों के प्रवेश पर रोक लगे। अवैध एम्बुलेंस परिसर से बाहर हो।
2- परिसर में सुरक्षा गार्ड्स की संख्या बढ़ाई जाए।
3- हाई मास्ट लाइट लगाई जाएं। चारों तरफ बाउंड्रीवाल बनाकर उन पर कटीले तार लगाए जाएं।
4- जूडा 18 सितंबर 2024 को पुलिस कमिश्नर को लिख चुका है सुरक्षा के संबंध में।
5- जूडा 18 सितंबर 2024 को पुलिस कमिश्नर को लिख चुका है सुरक्षा के संबंध में।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** पुराने शहर के शाहजहांनाबाद थाना इलाके में रहने वाली एक युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुरुआती जॉच में पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से फिलहाल आत्महत्या का सही कारण पता नहीं चल सका है। लेकिन मृतका युवती के पिता ने एक युवक पर उसे प्रताड़ित करने और उसकी सगाई तुड़वाने की धमकी दिये जाने के आरोप लगाये है। पिता का कहना है की उसी युवक की प्रताड़ना से तंग आकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। थाना पुलिस के अनुसार ममता कोटवार पुत्री कामलापथ कोटवार (20) मूल रूप ग्राम श्री नगर जिला महोबा उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी। भोपाल के शॉहजॉनाबाद इलाके में स्थित संजय नगर में उसका भाई मुकेश रहता है। ममता बीते पांच साल से उसी के साथ भोपाल में रहते हुए बंगलों में साफ सफाई का काम करती थी। मृतका के पिता का कहना है कि बीते दिनो ही उन्होनें ममला की शादी की बातचीत तय करते हुए उसकी सगाई की उत्तर प्रदेश के एक लड़के से तय कर दी थी।

# मध्य प्रदेश में फिर बदला मौसम

## 36 डिग्री पार पहुंचा पारा, 15 मार्च से और बढ़ेगी गर्मी



मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है जहां अभी तक ठंड का असर देखने को मिल रहा था वहीं तापमान में एक बार फिर से बढ़ोतरी शुरु हो गई है। प्रदेश में दिन का पारा 36 डिग्री के पार पहुंच गया है। इंदौर, उज्जैन और जबलपुर संभाग में गर्मी बढ़ी है। मौसम वो विभाग के मुताबिक 15 मार्च के बाद सूरज के तेवर और तीखे होने लगेंगे।

### 6 डिग्री पहुंच गया था प्रदेश का तापमान

गौरतलब है कि उत्तरी हवा चलने से प्रदेश में पिछले चार दिन कड़ाके की ठंड पड़ी। इससे भोपाल समेत कई शहरों में पिछले 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया। कई शहर में शीतलहर चली, जबकि रात का पारा 6 डिग्री तक पहुंच गया। राजगढ़, शाजापुर, उमरिया, मंडला, नौगांव और मलाजखंड जैसे छोटे शहर सबसे ठंडे रहे, लेकिन एक ही दिन में पारे में खाली बढ़ोतरी हुई है। शनिवार रविवार की रात की बात करें तो प्रदेश के अधिकांश शहरों में पारे में बढ़ोतरी हुई। खरगोन का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में 5.9 डिग्री की बढ़ोतरी के बाद तापमान 16.4 डिग्री पहुंच गया। बैतूल, धार, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, खंडवा, खरगोन, पचमढ़ी, राजगढ़, रतलाम, उज्जैन, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, नरसिंहपुर, नौगांव, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, सीधी, टीकमगढ़, उमरिया और मलाजखंड में भी पारा बढ़ गया। शनिवार को दिन के तापमान भी बढ़ गया। नर्मदापुरम में 36.9 डिग्री, रतलाम में 36.2 डिग्री, धार, सिवनी-मंडला में पारा 35 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 32.8 डिग्री, इंदौर में 33.8 डिग्री, ग्वालियर में 32.5 डिग्री, उज्जैन में 34.5 डिग्री और जबलपुर में तापमान 33.2 डिग्री रहा।

## बैखौफ बदमाशों ने मणप्पुरम गोल्ड लोन बैंक में की लूट की नाकाम कोशिश

**भोपाल।** शहर के पिपलानी थाना इलाके में भेल गेट नंबर 1 के पास बने मणप्पुरम गोल्ड लोन बैंक में अज्ञात बदमाशो ने अलसुबह लूट की कोशिश का प्रयास किया। हालांकि बदमाश बैंक के भीतर घुस गये लेकिन सायरन बजने पर कोई भी माल ले जाने में कामयाब नहीं हो सके। आरोपियों ने शटर के दो तालों को काट दिया।

साथ ही बैंक के पिछले हिस्से में लगी लोहे की ग्रील को काटकर बैंक के भीतर घुस गये थे। अंदर घुसकर माल समेटने से पहले शातिर बदमाशों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए सीसीटीवी कैमरों के वायर भी काट दिए थे। लेकिन सायरन बजने पर आसपास के लोगों ने इसकी सूचना डायल -100 को दी। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन सायरन बजते ही बदमाश फरार हो गए थे। थाना पुलिस के अनुसार अलसुबह करीब 5 बजे डायल-100 टीम को मणप्पुरम गोल्ड के सायरन बजने का इंवेट मिला था।

### शटर के दो ताले और ग्रील काटकर घुसे बैंक के अंदर

मामले की गंभीरता को देखते हुए फौरन ही पुलिस टीम बैंक पहुंची। चैक करने पर पता चला कि बैंक के शटर के दो ताले कटे हुए थे, वहीं पिछले हिस्से की ग्रील को भी काटकर उखाड़ दिया गया था। इस रास्ते से अज्ञात बदमाश बैंक के भीतर दाखिल हुए। आरोपी माल समेटने के लिये अंदर बने बंकर रूम को तोड़ने का प्रयास करते इससे पहले ही सायरन बज गया। जिसकी खबर मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। हालांकि सायरन बजते ही आरोपी वहां से फरार हो चुके थे। बताया गया है कि बैंक का सारा सामान सुरक्षित है।

बदमाश कुछ भी सामान नहीं ले जा सके। पुलिस की शुरूआती जांच के आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है की वारदात में लगभग आधा दर्जन आरोपी शामिल हो सकते है। उनकी पहचान जुटाने के लिये पुलिस घटना स्थल के आस पास के लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। साथ ही बदमाशो के फरार होने वाले रास्तो को रोड का मैप तैयार कर आगे की छानबीन की जा रही है।

# स्पा सेंटर की मालकिन और मैनेजर से प्रताड़ित होकर छात्रा ने की थी खुदकुशी

## देह व्यापार करने के लिए दबाव बनाने के आरोप

मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** पुराने शहर के छोला मंदिर थाना इलाके में स्थित कुटीर नगर में गुरुवार दोपहर इंजीनियरिंग छात्रा द्वारा आत्महत्या किये जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी शैज उर्फ सैजान और स्पा सेंटर मालकिन काजल सिंह के खिलाफ के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है।

बताया जा रहा है, कि मृतका एक स्पा सेंटर काम में करती थी, और उसका शोषण करने वाला आरोपी शैज उर्फ सैजान भी उसी स्पा सेंटर पर मैनेजर था। मर्ग जांच में खुलासा हुआ है, कि स्पा सेंटर की मालकिन काजल और सैजान उस पर देह व्यापार करने के लिए दबाव



बनाते थे। मृतका की नानी ने पुलिस को बताया कि मरने से पहले मृतका ने कहा था, कि सैजान ने उसके साथ संबंध बनाए थे, और अन्य लोगों के साथ भी संबंध बनाने के लिए दबाव बनाता था। सैजान और काजल सिंह दोनों युवती के साथ इसके लिए मारपीट भी करते थे। मारपीट की बात मरने से पहले युवती ने भी वीडियो में कही थी। युवती की नानी के बयानों के बाद पुलिस ने हरिजन एक्ट के तहत भी केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है, कि फुल पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही दुष्कर्म की पुष्टि होगी। इसके बाद प्रकरण में दुष्कर्म की धाराओं का इजाफ किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार साक्षी निराला पुत्री मनोज निराला (20) ने बीते गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे अपने घर में रखी सल्फास की गोलियां खा लीं थी, बाद इलाज के दौरान हॉस्पिटल में उसकी मौत हो गई थी। परिवार वालो द्वारा बनाये गए छात्रा के वीडियो में भी सैजान और काजल सिंह का नाम सामने आया था।

# महिला दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं को दिखाई छावां फिल्म

## वीरता से भरी फ़िल्म देख महिलाओं में दिखा उत्साह, कहा यह कार्य बहुत ही सराहनीय

**भोपाल।** इस समय छावा फिल्म की चर्चाएं सभी जगह देखने को मिल रही है वीरता से भरी यह फिल्म हर जगह सराही जा रही है। देश ही नहीं विदेश में भी इस फिल्म की वाह-वाही हो रही है।

छावा फिल्म की वीरता भरी कहानी को देखते हुए परिवर्तन समिति व भारतीय नववर्ष उत्सव समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि क्यों ना इस वीरता भरी कहानी का तोहफा महिला दिवस के अवसर पर हमारे महिला बहनों को दिया जाए इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए समिति के अध्यक्ष द्वारा महिला दिवस के




अवसर पर रविवार को महिलाओं को निशुल्क छावा फिल्म दिखाई गई। यह सराहनीय कार्य परिवर्तन समिति व भारतीय नववर्ष उत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया।महिला दिवस के इस अवसर पर समिति द्वारा महिलाओं को नि:शुल्क छावां फिल्म का प्रदर्शन कोलार डी डी एक्स सिनेमा में किया गया।

अदम्य साहस और वीरता से ओत प्रोत फिल्म छावां को देख महिलाओं में काफी उत्साह भी देखा गया द्य कार्यक्रम में मुख्य रूप से निलेश कुमार श्रीवास्तव,विक्रम सिंह, सुरेखा मालवीय, सुरेन्द्र रघुवंशी, राहुल बंसल, रवि शर्मा, सीमा सिंह, डॉ भानु,भगवान सिंह परमार, ऋषि पाण्डेय, राजेश परमार, निखिल वर्मा, सिद्धांत यादव सहित सैकड़ों की संख्या में बहिनें उपस्थित रहीं।

# त्यौहारो से पहले भोपाल पुलिस ने 17वी कॉम्बिंग गश्त कर दबोचे गुंडे-बदमाश

## 6 घंटे में 429 स्थाई, 378 गिरफ्तारी वारंटी, 236 जमानतीय वारंटी सहित 1043 फरार बदमाश गिरफ्तार



मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** शहर में इन दिनो चल रहे त्यौहारो सहित आने वाले दिनो में होने वाले होली एवं ईद त्यौहारो पर शांति, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिये भोपाल पुलिस द्वारा 17वी बार की प्रभावी कॉम्बिंग गश्त की गई।

इस कॉम्बिंग गश्त के दौरान रात से लेकर अलसुबह तक की गई 6 घंटे की कार्यवाही में टीमो ने 429 स्थाई, 378 गिरफ्तारी वारंटी एवं 236 जमानतीय वारंटी समेत 1043 फरार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान चारों जोन के करीब 1 हजार से अधिक अधिकारी, कर्मचारियो ने काम्बिंग गश्त के दौरान सड़को पर उतरकर वारंटियों की धरपकड़ की। जानकारी के अनुसार पुलिस कमिशरन हरिनारायणाचारी मिश्र एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी द्वारा 8-9 मार्च 2025 की रात कमिश्नर कार्यालय परिसर में सभी थानों की टीम, रक्षित केंद्र बल, कमिश्नर कार्यालय स्टॉफ को टीम वर्क सहित आवश्यक दिशा निर्देश देकर बदमाशों की धरपकड़ के लिये रवाना किया गया था।

### इतने बदमाश पकड़ाये रात भर में

17वीं काम्बिंग गश्त के दौरान जोन- 4 के थाना निशातपुरा पुलिस द्वारा 35 स्थाई एवं 32 गिरफ्तारी वारंटी समेत 67 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं जोन- 1 के थाना टीटी नगर पुलिस टीमो द्वारा 31 स्थाई एवं 21 गिरफ्तारी वारंटी समेत 52 आरोपियों को दबोचा गया है। जोन- 3 के की थाना शाहजहांनाबाद पुलिस टीमो ने 25 स्थाई एवं 14 गिरफ्तारी वारंटी समेत 39 आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। जोन- 2 के थाना निशातपुरा पुलिस द्वारा 15 स्थाई एवं 22 गिरफ्तारी वारंटी समेत 37 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### अफसरो ने शहर में शांति, सुरक्षा बनाये रखने के लिये इसे महत्वपूर्ण बताया

अफसरो का कहना है की कांबिंग गश्त का मुख्य उद्देश्य फरार स्थाई, गिरफ्तारी, ज़मानतीय वारंटो की धरपकड़ एवं सर्चिंग करना होता है। साथ ही यह पुलिस का एक विशेष अभियान भी होता जो रात में चलाया जाता है, इसमें अदालत द्वारा जारी स्थाई, गिरफ्तारी, जमानती वारंटी की धरपकड़, गुंडे बदमाशों की चेकिंग, निगरानी बदमाशों की चेकिंग इत्यादि उद्देश्य शामिल होते है।

# स्वर्णिम भारत की स्थापना में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम संपन्न

मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** नर्मदापुरम रोड पर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ब्लेसिंग हाउस सेवाकेंद्र में आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही भव्यता से मनाया गया। जिसमें विशेष रूप से मजदूर और कामगार महिलाओं का ब्लेसिंग हाउस, ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की ओर से बहुत ही सुंदर अंगवस्त्र, बैज, तिलक और गोल्डन मुकुट के द्वारा सौगात, गिफ्ट एवं प्रभु प्रसाद देकर किया गया सम्मान।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 'बी.के. मंजू दीदी' ने कहा कि मातृशक्ति ही सबसे बड़ी शक्ति है। सृष्टि की निर्माता माता है, नारी ही अच्छे संस्कारों की निर्माता है। एक अच्छे समाज को बनाने की निर्माता भी माता है। दीदी जी ने कहा की इस संसार में नारी ही कल्याणी है। नारी के उत्थान के संकल्प के साथ उसे समाज में खोया सम्मान दिलाने, भारत माता, वंदे मातरम् की गाथा को सही अर्थों में चरितार्थ करने में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान पिछले 89 वर्षों से लगातार प्रयासरत है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर उद्घघाटन किया गया।

बी.के. कुंती दीदी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर स्वागत भाषण कर अपने अनुभवयुक्त वक्तव्य रखे एवं राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में उपस्थित मजदूर और कामगार महिलाओं एवं उपस्थित सभी सम्माननीय महिलाओं का बहुत ही सुंदर अंगवस्त्र, बैज, तिलक और गोल्डन मुकुट के द्वारा सम्मान किया गया साथ साथ सभी को सौगात, गिफ्ट भी गई।

कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में भोपाल नगर की महिलाएं उपस्थित रहीं। कुमारी दिया, कु.जागृति बहन ने जन-जन का कल्याण करेगी शिव की शक्ति है नारी गीत पर बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में शमां बांध दिया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन बी.के. सतीश भाई ने किया। कार्यक्रम के पश्चात् उपस्थित सभी ने ब्रह्मा भोजन स्वीकार किया।

### कैंसर मरीज ने हॉस्पिटल की तीसरी मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

**भोपाल।** नए शहर के कोलार थाना इलाके में स्थित जेके अस्पताल से एक कैंसर के मरीज ने तीसरी मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। मृतक केंसर से पीड़ित था, उसकी तीसरी स्टेज चल रही है। हाल ही में उसका तीसरा आपरेशन हुआ था। उसके टांके भी नहीं कटे थे। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से धनखेड़ी जिला राजगढ़ का रहने वाला राजेश कुमार ठाकूर (34) पुत्र काशीराम ठाकूर अपने ही गांव में खेती-किसानी करता था। विवाहित राजेश का एक बेटा है। राजेश को करीब एक साल से आतों मे कैंसर था। उसका इलाज चल रहा था, और उसके दो आपरेशन हो चुके है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि राजेश का कैंसर तीसरे स्टेज पर पहुंच गया था। अपनी बीमारी को लेकर वह बहुत मानसिक तनाव में रहने लगा था। बीती 28 फरवरी को उसका आपरेशन जेके अस्पताल में हुआ था। वह जब से ही कैंसर वार्ड में भर्ती था।

## सोने की लालच में औरंगजेब के असीरगढ़ किले को नेस्तनाबूद करने की साजिश

पिछले महीने 14 फरवरी को छावा फिल्म का हिंदी संस्करण प्रीमियर शो के बाद पर्दे पर आया है। यह फिल्म मराठा छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी राव महाराज की बायोपिक है। यह फिल्म मराठी उपन्यास छावा पर आधारित है। इस फिल्म को सुनियोजित तरीके से फिल्माया गया है। इस फिल्म में औरंगजेब की भूमिका फिल्म अभिनेता अक्षय खन्ना, महारानी येसुबाई की भूमिका रश्मिका मंदाना ने, आशुतोष राणा ने सर सेनापति हंबीरराव मोहिते की भूमिका निभाई है। जैसे ही यह फिल्म प्रदर्शित हुई। उसके तुरंत बाद इस फिल्म को लेकर देशभर में राजनीति शुरू हो गई। औरंगजेब अच्छा शासक था, या खराब इसको लेकर एक बहस शुरू हो गई। महाराष्ट्र विधानसभा से एक विधायक द्वारा औरंगजेब को बेहतर शासक बताए जाने और उसके द्वारा हिंदू मंदिर बनवाए गए। यह कहे जाने के बाद महाराष्ट्र में राजनैतिक तूफान खड़ा हो गया। पिछले कई दिनों से औरंगजेब मीडिया में छाए हुए हैं। महाराष्ट्र से लगी यह आग धीरे-धीरे उत्तर प्रदेश होते हुए पूरे देश में फैल गई है। रही-सही कसर अब फिल्म पूरी कर रही है। छावा फिल्म में मध्य प्रदेश के असीरगढ़ के किले को दिखाया गया है। औरंगजेब सोने-चांदी की लूट करके असीरगढ़ किले में जमा करता था। यहां पर उसने एक टकसाल बना रखी थी। जिसमें वह सिक्के ढलवाया करता था। फिल्म का यह दृश्य देखने के बाद सारे देश में यह अफवाह फैली, कि असीरगढ़ के किले में बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के सिक्के छुपाकर मुगल शासकों द्वारा रखा गया था। उसके बाद से असीरगढ़ के किले बुरहानपुर के आसपास के लोग और अब बाहर से हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। सोने की लालच में असीरगढ़ के किले को खोदा जा रहा है। हजारों की संख्या में असीरगढ़ किले में शाम को 7 बजे से सुबह 3 बजे तक बड़े पैमाने पर खुदाई की जा रही है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। सोने की खोज में किले के अंदर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। वीडियो में कुछ लोग दावा करते हुए नजर आ रहे हैं, कि उन्हें खुदाई में सोना मिला है। उनके इस दावे के बाद रोजाना किले की खुदाई करने वालों की संख्या बढ़ती चली जा रही है। रात होते ही जब बुरहानपुर अंधेरे की आगोश में होता है, तब यहां पर हजारों लोग किले की खुदाई करके एक तरह से सोने की खोज में किले को जमी-दोज करने का प्रयास कर रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन नींद से जागा है। अधिकारियों ने चेतावनी जारी की है। असीरगढ़ किले की खुदाई करने वालों पर जिला प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। स्थानीय चर्चाओं के अनुसार औरंगजेब के इस किले को गिराने के लिए सोने की अफवाह उड़ाई गई है। औरंगजेब के मुगल काल में इस किले का बड़ा महत्व रहा है। यह कहा जा रहा है कि एक सुनियोजित साजिश के तहत मुगल काल की इस ऐतिहासिक स्वरूप को समाप्त करने के लिए पहले मराठी उपन्यास छावा लिखा गया, उसके बाद इस उपन्यास के आधार पर फिल्म बनाने का दायित्व अक्षय खन्ना को दिया गया। इस फिल्म में जो दृश्य दिखाए गए हैं, उन दृश्यों के आधार पर देश भर में एक नई राजनीति और अफवाहों का दौर शुरू हुआ। फिल्म ने अभी तक 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है। देश की राजनीति औरंगजेब और इसी फिल्म के आस-पास देखने को मिल रही है। जिसने हिंदू और मुगल के नाम पर एक ऐसी अलगाववाद की चेतना पैदा कर दी है। राजनीति के साथ-साथ असीरगढ़ किले के ऐतिहासिक महत्व को खत्म करने के लिए किले को नेस्त-नाबूत करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। जिस तरह विवादित ढांचा अयोध्या में गिराया गया था, ठीक उसी तर्ज पर भीड़ द्वारा असीरगढ़ को नेस्तनाबूद करने के लिए सोने की अफवाह फैलाई गई है। वह अफवाह सफल होती दिख रही है। किले के आसपास बड़ी मात्रा में सोने के लालच में खुदाई शुरू हो चुकी है। जिला प्रशासन भी शांत बैठा हुआ है। वैसे असीरगढ़ का किला हैहैयवंश के अंतिम क्षत्रिय राजा आसा अहीर द्वारा बनवाया गया था। इतिहासकारों ने इसे बाब-ए-दक्खन यानी दक्षिण द्वार और कलोद-ए-दक्खन यानी दक्षिण की कुंजी के नाम से उल्लेखित किया है। इसका अपना एक ऐतिहासिक पुरातात्विक महत्व है। ऐसे में इसका संरक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के नियमानुसार किया जाना चाहिए, लेकिन फिल्म छावा के झूठ-सच के विवाद के बीच में यह ऐतिहासिक धरोहर कितने दिन सुरक्षित रहेगी, इसका भगवान ही मालिक है।

## राष्ट्रमंडल दिवस 2025 की थीम एक साथ हम आगे बढ़ते हैं का जबरदस्त आगाज़

वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत की कहावतें मुहावरे संतों के वचन आध्यात्मिकता से निकली बातें चाहे वह हजारों वर्ष पूर्व भी कहीं गई कहीं या लिखी गई हो लेकिन वह आज भी सच साबित हो रही है क्योंकि पूर्व में भी उसका नतीजा सकारात्मक रहा है व भविष्य में भी यही सटीकता वाला क्रम चलता रहेगा यह कहावतें एक और एकग्यारह, एकता में बल, एक है तो नेक इत्यादि अनेक कहावतों का परिणाम हम यूरोपीय यूनियन 27 देश, अफ्रीकी संघ चौपन देश, इस्लामिक संघ 54 देश, राष्ट्रमंडल 56 देश इत्यादि हजारों समर्थ प्रमाण है तो वहीं राष्ट्रमंडल देशों के वार्षिक उत्सव 10 मार्च 2025 की थीम भी इन भारत मुहावरों से मिलती-जुलती है कि एक साथ हम आगे बढ़ते हैं। चूँकि राष्ट्रमंडल दिवस पर धार्मिक नागरिक सफाई, स्कूल सभाएं, वाद विवाद, सांस्कृतिक समारोह होते हैं तो वहीं अंतर्राष्ट्रीय अद्भुतता दिवस पर गुणों का विकास संदर्भित है इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत सहित राष्ट्रमंडल के 56 देशों का वार्षिक उत्सव व अंतराष्ट्रीय अद्भुतता दिवस का एक साथ ! साथियों बात अगर हम 10 मार्च 2025 मार्च के अंत तक चलने वाले 56 देशों के राष्ट्र मंडल दिवस की करें तो राष्ट्रमंडल दिवस राष्ट्रमंडल के 56 देशों का वार्षिक उत्सव है। राष्ट्रमंडल देश प्रशांत, अफ्रीका, एशिया, यूरोप, कैरिबियन और अमेरिका में पाए जाते हैं।राष्ट्रमंडल दिवस का विषय क्या है? हर साल राष्ट्रमंडल दिवस के लिए एक थीम चुनी जाती है। इस साल की थीम है एक साथ हम आगे बढ़ते हैं।राष्ट्रमंडल देशों में शामिल हैं-यूनाइटेड किंगडम कनाडा ऑस्ट्रेलिया न्यूज़ीलैंड,पापुआ न्यू गिनी सिंगापुर मलेशिया भारत पाकिस्तान बांग्लादेश श्रीलंका साइप्रस माल्टा जमैका केन्या जाम्बिया घाना नाइजीरिया दक्षिण अफ़्रीका और भी कई! राष्ट्रमंडल के सदस्य देशों ने एक ताकत के रूप में भारत को मान्यता दी है। अफ्रीकी, कैरेबियन और दक्षिण प्रशांत के लगभग सभी राष्ट्रमंडल देशों ने भारत के साथ जिस प्रकार सहयोग बढ़ाया है, उससे अब बेहतर रूप से मान्यता मिली है। राष्ट्रमंडल देशों की कुल आबादी में लगभग 50 पर्सेंट और कुल जीडीपी में लगभग 30 पर्सेंट हिस्सेदारी भारत की है। राष्ट्रमंडल 56 स्वतंत्र देशों का एक स्वैच्छिक संघ है, जिनमें से लगभग सभी पहले ब्रिटिश शासन के अधीन थे। राष्ट्रमंडल की उत्पत्ति ब्रिटेन के भूतपूर्व साम्राज्य से हुई है। राष्ट्रमंडल के कई सदस्य ऐसे क्षेत्र थे जो ऐतिहासिक रूप से विभिन्न समयों पर बसावट, विजय या अधिग्रहण के माध्यम से ब्रिटिश शासन के अधीन आ गए थे।राष्ट्रमंडल के बारे में तथ्य-(1) राष्ट्रमंडल में 2 अरब से अधिक लोग हैं!(2) पृथ्वी पर हर तीन में से एक व्यक्ति राष्ट्रमंडल का हिस्सा है।(3) प्रशांत महासागर में स्थित नाउरू जैसे बहुत छोटे द्वीप भी राष्ट्रमंडल का हिस्सा हैं।(4) ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका राष्ट्रमंडल में ब्रिटेन के साथ शामिल होने वाले पहले देश थे।(5) स्वतंत्रता के लिए लंबे संघर्ष के बाद भारत 1947 में राष्ट्रमंडल में शामिल हुआ।(6) दक्षिण अफ्रीका 1961 में राष्ट्रमंडल से अलग हो गया और 1994 तक राष्ट्रमंडल में वापस नहीं लौटा।(7) 1990 में नामीबिया राष्ट्रमंडल में शामिल होने वाला पहला देश बना जो कभी ब्रिटेन द्वारा शासित नहीं था।(8) 2009 में राष्ट्रमंडल देशों ने राष्ट्रमंडल की 60वीं वर्षगांठ मनाई। राष्ट्रमंडल दिवस कैसे मनाया जाए? हमारे पास बहुत सारे उपयोगी संसाधन हैं जिनका उपयोग आप अपने छात्रों को राष्ट्रमंडल दिवस पढ़ाने और मनाने के लिए कर सकते हैं। हमारे पास वर्कशीट,गतिविधियाँ, पावरपॉइंट और बहुत कुछ है।(1) हम अपनी कक्षा को राष्ट्रमंडल के बारे में पढ़ाने के लिए हमारे राष्ट्रमंडल पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन से शुरुआत करना पसंद करेंगे।(2) हमारे पास एक उपयोगी राष्ट्रमंडल दिवस संसाधन पैक है, जिसमें वह सब कुछ शामिल है जो हमको अपने बच्चों को राष्ट्रमंडल के बारे में सिखाने के लिए चाहिए। इसमें रंग भरने वाली शीट, पावरपॉइंट, शब्द खोज, तथ्य पत्रक, प्रदर्शन पोस्टर और बहुत कुछ शामिल है! (3)यदि हम अपने विद्यार्थियों को राष्ट्रमंडल के अनेक देशों के बारे में सब कुछ सिखाना चाहते हैं, तो यह राष्ट्रमंडल स्थानिक ज्ञान मानचित्र गतिविधि बहुत अच्छी होगी!(4) यदि हम असेंबली पावरपॉइंट की तलाश में हैं, तो और कहीं न जाएँ! हमारे पास यहाँ एक सुंदर राष्ट्रमंडल दिवस असेंबली पावरपॉइंट है!(5) क्यों न हम भी इस राष्ट्रमंडल खेल सूचना पावरपॉइंट पर एक नजर डालें ! और, हमारे निःशुल्क संसाधन कॉमनवेल्थ फ्लैग्स बिंगो को देखें - जो आपकी कक्षा के साथ करने के लिए एक उत्कृष्ट और मजेदार गतिविधि है।

# मान, सम्मान, अभिमान, स्वाभिमान आत्म सम्मान की बात करना भी क्या आलोचना का विषय हो सकता है?

**राजीव खंडेलवाल**

### भाव नहीं शब्द को पकड़ना क्षुद्र राजनीति के लिये ज्यादा मुफीद



मध्य प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता जब भी प्रदेश अध्यक्ष या मुख्यमंत्री चुनने या बदलने की बात आती है, प्रथम पंक्ति में एक नाम स्वयमेव बिना दावे के जो आ जाता है, वह पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वर्तमान पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री, प्रहलाद सिंह पटेल के भीख मांगने के बयान पर कांग्रेस ने हंगामा खड़ा कर दिया। उनके इस बयान के विरोध में कांग्रेस ने घोषणा कर पूरे प्रदेश में आंदोलन किया। हमारे देश में यह एक प्रथा सी हो गई है कि किसी भी व्यक्ति के किसी भी कथन का बिना पूरे संदर्भ में लिए और भावार्थ लिए, शाब्दिक अर्थ जहां कई बार शब्दों के शाब्दिक अर्थ न होकर भावार्थ ही महत्वपूर्ण अर्थ होते हैं, तोड़-मरोड़ की वर्तमान राजनीति की चमकाने के लिए परस्पर एक दूसरे पर राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप जड़ कर उन्हें समाज विरोधी और यहां तक राष्ट्र विरोधी तक करार कर दिया जाता है। क्योंकि इस देश में तो राष्ट्रभक्ति और समाज भक्ति बहुत ही सस्ती और कमजोर हो गई है न? यहां किसी भी मुद्दे को लेकर बयान कर्ता की राष्ट्रभक्ति और समाज सेवा पर प्रश्न वाचक चिन्ह लगाना एक राजनीतिक फैशन हो गया है? विषय पर आगे बढ़े, उसके पूर्व प्रहलाद सिंह पटेल के राजगढ़ जिले के सुठालिया ग्राम में उनके सामाजिक (लोधी समाज के) सम्मेलन में दिए गए कथनों को देखना आवश्यक है।

### प्रहलाद पटेल का कथन

लोगो को समाज से लेने की आदत हो गई है, अब तो लोगों को सरकार से भीख मांगने की भी आदी हो गये है। नेता आते हैं, एक टोकना (टोकरी) तो कागज मिलते हैं उनको। मंच पर माला पहनाएंगे और एक पत्र पकड़ा देंगे। यह अच्छी आदत नहीं है। लेने की बजाय देने का मानस बनाएं। मैं दावे से कहता हूं, आप सुखी होंगे और एक संस्कारवान समाज को खड़ा करेंगे शहीदों का सम्मान इसके सिद्धान्तों को अपनाकर बनाना चाहिए। कोई शहीद कभी किसी से कुछ नहीं मांगता।

### कथन के पीछे की पृष्ठभूमि

जिस मंच से उक्त कथन कहे गए, उस सामाजिक मंच की परिस्थितियों व विषय को ध्यान में रखते हुए उक्त पूरे बयान को समग्र रूप से यदि आप गहराई से उन पर विचार करेंगे, तो जिन लोगों के लिए प्रहलाद पटेल का यह संदेश था, उन कथनों के पीछे जो भावनाएं थीं, क्या वे मूलतः गलत है? कहने का तरीका कठोर, कड़वा (हार्ष) जरूर हो सकता है? क्योंकि सच हमेशा कड़वा होता है। परंतु जो कुछ प्रहलाद पटेल ने कहा वह हमारी आम प्रवृत्ति है, वास्तविकता है, इससे क्या इनकार किया जा सकता है? वे सिर्फ हमारी उक्त प्रवृत्ति का उल्लेख करने तक ही सीमित नहीं रहे, बल्कि उक्त प्रवृत्ति को सुधारने की जोरदार तरीके से बात की, जब वह आगे शहीदों का उदाहरण देते हुए कहते हैं कि आप एक संस्कारवान समाज को खड़ा करेंगे। उक्त कथन के पीछे छुपी भावना है और कथनों का जो भावार्थ है, वह यह कि व्यक्ति को स्वाभिमानी, स्वालम्बी होना चाहिए। क्योंकि वे यह कहते है लेने की बजाए देने का मन बनाए।

### खरी खरी कहना उनके व्यक्तित्व की पहचान

प्रहलाद जी से मेरा परिचय बहुत पुराना है। उन्होंने ही सुश्री उमा श्री भारती जी से मेरी पहली मुलाकात करवाई थी।। इतने लंबे समय के दौरान जो मैंने देखा प्रहलाद भाई का बॉडी लैंग्वेज अपनी बात को दबंगता से रखने का रहा है। वह अपनी बातों को बिना लाग लपेट के सीधे प्रतिक्रिया की चिंता किए, बिना साहसपूर्वक न केवल कहते हैं, रखते हैं बल्कि उसे पर आखिरी तक बने रहते हैं, जब तक की उन्हें स्वयं यह महसूस नहीं हो जाता है कि उनका कथन सही नहीं है या प्रहलाद भाई की यह पहचान उक्त मामले में भी परिलक्षित है।

### कांग्रेस की प्रतिक्रिया सामाजिक टिप्पणी को राजनीतिक रंग देने की कोशिश

कांग्रेस प्रवक्ता मुकेश नायक का प्रहलाद पटेल के कथन के संबंध में बयान कि लोकतंत्र में जनता भगवान होती है, लेकिन भाजपा उसे भिखारी कह रही है, कहीं न कहीं राजनीतिक रंग (होली का मौसम आ रहा है) देना है। कांग्रेस का आंदोलन करना समझ से परे है। यह कांग्रेस की दिशा हीनता दिखती है क्योंकि मुफ्त खोरी योजनाओं को लेकर कांग्रेस श्रम मंत्री पर आरोप लगाकर हावी होने का जो प्रयास कर रही है, वह कांग्रेस इस बात को भूल जाती है कि प्रहलाद भाई ने तो कांग्रेस द्वारा मनरेगा योजना द्वारा सर्वप्रथम देश के गरीब नागरिकों को जो सम्मान पूर्वक सहायता देने का कार्य किया, जिसमें अन्तर्निहित सम्मान, आत्मसम्मान के भावों को ही उक्त कथन द्वारा बल प्रदान किया था। मनरेगा एक ऐसी रोजगार योजना है, जहां पर काम के बदले पहले अनाज और बाद में कुछ निश्चित दिनों (100 दिनों तक) का रोजगार दिए जाने की व्यवस्था है। मतलब आपको मुफ्त की राशि नहीं दी जा रही है, अर्थात मुफ्त खोरी का आदत नहीं डाली जा रही है। बल्कि आपके सम्मान की रक्षा के खातिर आपको कुछ निश्चित दिनों का रोजगार देकर कार्य के बदले मजदूरी, मेहनत की राशि देकर स्वावलंबी बनाने का सरकार का यह प्रयास है। मुफ्त की रेवड़ी बांटने की प्रवृत्ति को तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रारंभ किया था, जो आज आवश्यक बुराई (नेसेसरी इविल्स) के रूप में देश का चरित्र बनते जा रहा है।

### भीख मतलब भिक्षा

भीख शब्द की जड़ें संस्कृत में भिक्षा से जुड़ी हैं, जिसका अर्थ है दान मांगना। प्राचीन काल में भिक्षु और साधु भिक्षा मांगते थे। यह एक सम्मानजनक परंपरा थी। लेकिन आज के दौर में इसका अर्थ बदल गया है और इसे अपमान के तौर पर देखा जाता है। जहां तक भिखारी का सवाल है वह भी यह चाहता है कि उसे तिरस्कार कर नहीं, बल्कि सम्मान पूर्वक भीख दी जाये।

### रेवड़ी व भीख में अंतर

रेवड़ी और भीख में अंतर क्या है? दोनों में मुफ्त पैसा मिलता है। एक में सरकार द्वारा निश्चित राशि निश्चित अंतराल पर दी जाती है, तो दूसरे में जनता द्वारा अनिश्चित राशि अनिश्चित अंतराल पर दी जाती है। चूंकि रेवड़ी से वोट मिलता है, इसलिए उसे लोकतंत्र में जायज ठहरा दिया जाता है। चूंकि भीख से वोट नहीं मिलता है, इसलिए, भोपाल में उस पर कानूनी प्रतिबंध लगा दिया जाता है।

**(लेखक, कर सलाहकार एवं पूर्व बैतूल सुधार न्यास अध्यक्ष है)**

# तकनीकी युग में भी ऐसी परेशानी क्यों...

**चैतन्य भट्ट**



यकीनन आपके साथ भी हुआ होगा। एटीएम से पैसे निकालते हैं। पैसे निकलते नहीं और आपके बैंक खाते से से कट जाते हैं। बैंक जाएं तो जवाब मिलता है। फ़िक्र मत कीजिए, दो चार दिन में खाते में वापस आ जाएंगे। ऐसा होता भी है मगर ये दो चार दिन कई बार हफ्ते में तब्दील हो जाते हैं। आनलाइन टिकट बुक करते हैं और यात्रा कैंसिल हो जाती है। पैसे अकाउंट में वापस आने में फिर दो तीन दिन या फिर हफ्ता भी लग जाता है। आनलाइन खरीदारी का आर्डर कैंसिल करते हैं या किसी किसी मामले में कंपनी खुद भी आर्डर कैंसिल कर देती है। अकाउंट में पैसा वापस आने में फिर वही हफ्ते दस दिन से ज्यादा समय लगता है। कई बार तो कंपनियां ग्राहकों से बैंक स्टेटमेंट मांगने से भी नहीं चूकतीं। जिनके अकाउंट में तगड़ा बैलेंस होता है उन्हें इस दो चार दिन या हफ्ते भर की देरी से कोई फर्क नहीं पड़ता। मगर देश में सारे लोग इस श्रेणी में नहीं आते। बहुतेरे ऐसे होते हैं जिन्हें पैसे निकालने के पहले अकाउंट का बैलेंस चेक करना पड़ता है कि जितने पैसे निकालने की जरूरत है उतने अकाउंट में हैं भी या नहीं ? जरा सोचिए, उनके लिए पैसा फंसने की यह दो चार दिन या हफ्ते भर की देरी कितनी त्रासद हो जाती होगी ? जरा उस आदमी के बारे में सोचिए जिसे मरीज़ के लिए दवा खरीदनी है, उतने की ही जितने पैसे उसके बैंक खाते में हैं। या फिर किसी शिक्षार्थी के अभिभावकों ने उसके खाते में जितनी फीस जमा करनी है, उतनी ही या थोड़ी बहुत ज्यादा रकम डाली है। दो चार दिन या हफ्ते भर का इंतजार संभव नहीं है। अब ऐसे में आदमी क्या करे खुद के पास रकम होते हुए भी दूसरे के सामने हाथ फैलाए ?

एटीएम ट्रांजेक्शन फेल होने की ऐसी घटनाओं के वास्तविक आंकड़े उपलब्ध नहीं है मगर लगता है कि इनकी संख्या कम होगी। मगर इनमें भी सीमित बैंक बैलेंस वालों की परेशानी असीमित हो जाती है। यूपीआई समेत आनलाइन भुगतान की तमाम सुविधाएं आने के बावजूद देश में और खासकर देहाती और अर्द्धशहरी इलाकों मे अभी भी ज्यादातर नगदी का उपयोग होता है।? एटीएम से नगदी आहरण में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 2024 में ही एटीएम से नगदी आहरण पिछले वर्ष की तुलना में लगभग साढ़े पांच फीसदी बढ़ा है। नोट बंदी और दो हजार जैसे बड़े नोट वापस लिए जाने जैसे प्रयासों के बावजूद देश में कैश का स्तर रिकार्ड ऊंचाई पर है। डिजिटल साक्षरता की कमी है और आम आदमी साइबर फ्राड की घटनाओं से डरता है। ऐसे में एटीएम से पैसे निकालना आदमी के लिए मजबूरी बन जाता है।

सवाल स्वाभाविक है क्या एटीएम ट्रांजेक्शन में पैसा फंसने पर वापस बैंक अकाउंट में आने में लगने वाला दो तीन दिन से लेकर हफ्ते भर का समय खत्म नहीं किया जा सकता , अगर पलक झपकते पैसा एक खाते से दूसरे में ट्रांसफर हो सकता है तो वैसे ही दूसरे से वापस पहले खाते में क्यों नहीं हो सकता ? हम क्रांतिकारी तकनीकी युग में जी रहे हैं। जो पचास साठ पार कर गए हैं उन्होंने जवानी के दिनों में कल्पना भी नहीं की होगी कि समय ऐसा और इतना भी बदल जाएगा। तकनीक के दम पर सरकार एक क्लिक पर लाड़ली बहना, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं में करोड़ों बैंक खातों में पैसा ट्रांसफर कर देती है। फिर तकनीकी सामंजस्य से ऐसी कोई व्यवस्था बनाने में क्या समस्या है ? जो बैंक उद्योगपतियों को पलक झपकते करोड़ों के ओवरड्राफ्ट स्वीकृत कर देते हैं, करोड़ों का लोन बट्टे खाते में डाल देते हैं वे वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में एटीएम ट्रांजेक्शन फेल होने की स्थिति में क्या दो पांच हजार की छोटी सी रकम का ओवर ड्राफ्ट नहीं दे सकते ? मिनिमम बैलेंस जरा सा कम होने और दूसरे तमाम कारणों से अकाउंट से निर्ममता से पैनाल्टी काटने वाले बैंक अपनी खुद की तकनीकी समस्या के कारण सीमित बैंक बैलेंस वाले उपभोक्ताओं को होने वाली इस असुविधा पर ध्यान देने तैयार क्यों नहीं है ?

एटीएम आहरण पर अकाउंट से पैसा निकलने और वापस अकाउंट में आने के दो चार दिनों से हफ्ते भर का लगने वाले समय में ब्याज का पैसा मिलता है या नहीं , यह एक अलग विषय है। यह पैसा कितना भी कम हो, अगर बैंक इससे आय अर्जित करने में शामिल हैं तो यह ऐसी घटना का शिकार होने वालों के साथ और भी त्रासद मजाक है। सरकार और रिजर्व बैंक को इसके समाधान की दिशा में कुछ करना चाहिए। तकनीकी आधार पर निकासी फेल होने से फंसा पैसा तत्काल अकाउंट में वापस आने के लिए ज़रूरी उपाय किए जाने चाहिए। क्रांतिकारी तकनीक के इस युग में यह काम इतना भी मुश्किल नहीं होगा। सवाल सिर्फ इच्छा शक्ति का है। वैकल्पिक रूप से ऐसे प्रकरणों में बैंकों द्वारा फंसी हुई रकम के विरुद्ध समान राशि का ओवरड्राफ्ट सुविधा दिए जाने जैसा विकल्प भी आजमाया जा सकता है। रहा सवाल आनलाइन खरीदारी के रिफंड में होने वाले विलंब का सो उसके त्वरित निराकरण के दिशानिर्देश भी जल्द से जल्द जारी किये जाने चाहिए।

# केंद्रीय बजट में बढ़े हुए आवंटन से अल्पसंख्यक सशक्तिकरण को बढ़ावा 2025: आगे की चुनौतियां

**रेशम फातिमा**

केंद्रीय बजट 2025 भारत में अल्पसंख्यक समुदायों के उत्थान के लिए एक बहुत ज़रूरी कदम है, जिसमें अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को कुल 3,350 करोड़ का आवंटन प्राप्त हुआ है। यह पिछले वित्तीय वर्ष के बजटीय अनुमान से 166 करोड़ अधिक है और 2024-25 के संशोधित अनुमान से 1,481 करोड़ अधिक है। बजटीय आवंटन में वृद्धि अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली अनूठी सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों की सरकार की मान्यता और शिक्षा, विकास योजनाओं और लक्षित कल्याण कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें संबोधित करने के प्रयास का संकेत देती है। आवंटित बजट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के शैक्षिक सशक्तीकरण की ओर निर्देशित है, इस उद्देश्य के लिए 678.03 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। शिक्षा को लंबे समय से सामाजिक गतिशीलता के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण माना जाता है, और इस प्रावधान का उद्देश्य अल्पसंख्यकों के लिए शैक्षिक अवसरों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करना है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय के तहत प्रमुख योजनाओं और परियोजनाओं के लिए 1,237.32 करोड़ आवंटित किए गए हैं, जो मौजूदा कल्याण कार्यक्रमों की निरंतरता और विस्तार सुनिश्चित करते हैं। अल्पसंख्यकों के विकास के लिए अम्ब्रेला कार्यक्रम के लिए पर्याप्त 1,913.98 करोड़ आवंटित किए गए हैं, जिसमें कौशल विकास, बुनियादी ढांचे के समर्थन और आर्थिक समावेशन पर केंद्रित कई पहल शामिल हैं। जबकि बढ़ा हुआ आवंटन सही दिशा में एक कदम है, लेकिन महत्वपूर्ण सवाल बना हुआ है। इन निधियों का प्रभावी ढंग से उपयोग कैसे किया जाएगा सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस वर्ष के बढ़े हुए आवंटन से उन लोगों को वास्तविक और सुलभ लाभ मिले, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है, जिससे लालफीताशाही और टाले जा सकने वाले नौकरशाही विलंब को कम किया जा सके। जिन प्रमुख क्षेत्रों पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है, उनमें से एक है मदरसों का आधुनिकीकरण, यह सुनिश्चित करना कि वे धार्मिक अध्ययनों के साथ-साथ तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को एकीकृत करें। बड़ी संख्या में मुस्लिम छात्र, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से, मदरसों में पढ़ते हैं, लेकिन इनमें से कई संस्थानों में आधुनिक पाठ्यक्रम और कौशल विकास कार्यक्रमों तक पहुँच नहीं है। मदरसों के भीतर स्ञ्श्वरू शिक्षा, डिजिटल साक्षरता और तकनीकी प्रशिक्षण के लिए धन आवंटित करने से मुस्लिम पुरुषों और महिलाओं दोनों को समकालीन नौकरी बाजार में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस किया जा सकता है। इससे न केवल उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी बल्कि शैक्षिक और आर्थिक अंतर को पाटने में भी मदद मिलेगी जो समुदाय की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। सार्थक सशक्तिकरण के लिए, ध्यान बजट के आंकड़ों से परे जाना चाहिए। कार्यान्वयन तंत्र पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी होना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि धनराशि नौकरशाही बाधाओं के बिना जमीनी स्तर तक पहुँचे। ड्रॉपआउट दरों, उच्च शिक्षा में भागीदारी और अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से महिलाओं की रोजगार क्षमता को संबोधित करने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। सामुदायिक भागीदारी और सुदृढ़ निगरानी के बिना इन योजनाओं की प्रभावशीलता संदिग्ध बनी रहेगी। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के लिए बढ़ा हुआ बजट आवंटन एक आशाजनक विकास है, जो अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों की स्वीकृति को दर्शाता है। हालाँकि, केवल आवंटन ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसका प्रभावी उपयोग और कार्यान्वयन भी प्राथमिक ध्यान का क्षेत्र होना चाहिए। वर्तमान सरकार लालफीताशाही और नौकरशाही देरी को कम करने के लिए जानी जाती है। पहुँच, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और निधि वितरण में आसानी सुनिश्चित करना भारत में अल्पसंख्यक विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की असली परीक्षा होगी।

**अंतरराष्ट्रीय संबंध में परास्नातक, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय**

# कांशी राम की विरासत और मायावती की तर्ज़-ए-सियासत

**1980 के दशक में बसपा प्रमुख कांशी राम पूरे देश में घूम घूम कर भारतीय समाज को 85 – 15 का जनसँख्या अनुपात समझाते थे और यह बताते थे कि 15 प्रतिशत कथित उच्च जाति के लोग शेष 85 प्रतिशत जातियों व समुदायों के लोगों पर राज कर रहे हैं। और तभी यह नारा प्रचलित हुआ था – वोट हमारा,राज तुम्हारा – नहीं चलेगा,नहीं चलेगा।**

जैसे जैसे कांशी राम के नेतृत्व में यह बहुजन आंदोलन आगे बढ़ता गया वैसे वैसे मनुवाद तथा सनातन व्यवस्था में उल्लिखित वर्ण व्यवस्था पर इनका आक्रमण और तेज़ होता गया। यहाँ तक कि तिलक,तराज़ू और तलवार जैसा अभद्र नारा भी उन्हीं दिनों में ख़ूब प्रचलित हुआ। यही वह आंदोलन था जिसमें दलित पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग के लोग जुड़ते चले गये। यानी कांग्रेस का परम्परागत वोट बैंक धीरे धीरे खिसकना शुरू हो गया। इसी बीच कांशीराम ने 1984 में बहुजन समाज पार्टी नामक एक नये राजनैतिक दल की स्थापना कर दी। उसी दौरान कांशी राम की भेंट मायावती से हुई जोकि उस समय वकालत व बी एड करने के बाद दिल्ली इंद्रपुरी स्थित जेजे कॉलोनी में एक अध्यापिका के रूप में कार्यरत थीं और साथ ही सिविल सर्विसेज़ परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही थीं। तभी कांशी राम ने मायावती के तेज़ तर्रार व्यक्तित्व से प्रभावित होकर कहा था कि – मैं तुम्हें एक दिन इतना बड़ा नेता बना सकता हूं कि एक नहीं बल्कि आईएएस अधिकारियों की पूरी क़तार तुम्हारे आदेशों का पालन करने के लिए लाइन में खड़ी हो जाएगी। तभी से वे कांशी राम के सहयोगी के रूप में उनके साथ प्राय: देखी जाने लगीं तथा उनके क्रन्तिकारी व उत्तेजक भाषण भी लोगों को प्रभावित करने लगे। कांशीराम का 9 अक्टूबर 2006 को 72 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कांशीराम के जीवन के अंतिम दौर में उनकी विरासत को लेकर बसपा के भीतर तथा कांशीराम के परिजनों के द्वारा काफ़ी विवाद भी खड़ा किया गया। परन्तु तेज़ तर्रार मायावती तब तक कांशी राम पर व उनकी विरासत रुपी बसपा पर पूरा नियंत्रण कर चुकी थीं। यही वजह थी कि बौद्ध धर्म के अनुसार हुये कांशीराम के अंतिम संस्कार में उनके परिजनों ने नहीं बल्कि स्वयं मायावती ने ही उनकी चिता को अग्नि दी। अब पार्टी में उन्हें बहन जी के नाम से बुलाया जाने लगा। कांशीराम के नेतृत्व में ही बीएसपी ने 1999 के संसदीय चुनावों में 14 संसदीय सीटें जीतीं थीं। मायावती को चार बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर बैठने का भी सौभाग्य हासिल है। परन्तु यह कहना ग़लत नहीं होगा कि जिस बसपा को कांशीराम ने एक मिशन के रूप में स्थापित किया था और कांशी राम के जिस मिशन से बड़े सामाजिक परिवर्तन की आहट महसूस हो रही थी, पार्टी पर मायावती का वर्चस्व होने के बाद वही मिशन,वही पार्टी अब सत्ता,वैभव,आत्ममुग्धता और परिवारवाद का शिकार होती नज़र आने लगी। यहाँ तक कि केवल सत्ता हासिल करने के लिये बुनियादी विचारों से भी समझौता करने लगीं। जिस मनुवादी व्यवस्था के विरुद्ध बसपा का जन्म हुआ था, 2007 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में उसी ब्रह्मण समुदाय के समर्थन की ज़रुरत महसूस हुई तो तिलक,तराज़ू और तलवार जैसा नारा भी बदल गया। 2007 में बहुजन समाज पार्टी, सर्वजन समाज की बातें करने लगी। और यह नया नारा लगा – हाथी नहीं, गणेश है, ब्रह्मा, विष्णु, महेश है। उस समय उत्तर प्रदेश में 37 प्रतिशत ब्राह्मणों ने पार्टी को वोट दिया था। परन्तु चार बार देश के सबसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री बनने के बाद अन्य सत्ताधीशों की ही तरह मायावती भी अहंकार के साथ साथ परिवारवाद का भी शिकार होती चली गयीं। कभी अपने को ज़िंदा देवी बतातीं तो कभी अपने भाई व भतीजे के मोह में डूबती नज़र आतीं। कभी अपनी हार का ठीकरा मुसलमानों पर फोड़तीं तो कभी उनपर पार्टी का टिकट बांटने में लोगों से करोड़ों रूपये वसूलने का आरोप लगा। हद तो यह कि अपने जीवनकाल में ही मायावती ने बाबा साहब आंबेडकर व कांशी राम के साथ ही अपनी भी प्रतिमायें लगवा डालीं। जिसतरह कांशी राम को अपने परिवार से अलग उत्तराधिकारी के रूप में मायावती नज़र आयी थीं उस तरह मायावती को परिवार से बाहर अपनी पार्टी का कोई योग्य नेता नज़र ही नहीं आया। और आख़िरकार मायावती के इन्हीं स्वार्थपूर्ण फ़ैसलों के चलते उनकी पार्टी का जनाधार घटता चला गया। पिछले लोकसभा चुनावों से पूर्व जब इण्डिया गठबंधन वजूद में आया तो मायावती उस विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनीं। उसी समय यह अंदाज़ा लगाया जाने लगा था कि मायावती भाजपा के प्रति नरम रुख़ अपना रही हैं। इसके पीछे के कारणों से भी अनेक राजनैतिक विश्लेषक बख़ूबी वाक़िफ़ हैं। पिछले दिनों दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान राहुल गांधी ने मायावती पर बीजेपी को फ़ायदा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए स्पष्ट रूप से यह कह दिया था कि यदि बीएसपी इंडिया गठबंधन में होती तो पिछले वर्ष हुये लोकसभा चुनावों में एनडीए की जीत नहीं होती। इस आरोप से तिलमिला कर मायावती ने कांग्रेस को ही बीजेपी की बी टीम बता डाला। जबकि देश देख रहा है कि इस समय देश में सत्ता,भाजपा व संघ के विरुद्ध जितना राहुल गाँधी मुखर हैं उतना कोई नहीं जबकि मायावती के रवैये से तो पता ही नहीं चलता की वे विपक्ष में हैं या सत्ता के साथ ? सच तो यह है कि मायावती के नेतृत्व में बसपा का न केवल समाज में प्रभाव कम होता जा रहा है बल्कि संगठन भी बिखराव के दौर से गुज़र रहा है। पिछले दिनों जिसतरह उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक समेत सभी मुख्य पदों से हटा दिया और दो दिन बाद ही उन्हें पार्टी से निष्कासित भी कर दिया उससे भी यही सन्देश गया कि मायावती को अपने परिवार के बाहर भी कोई उत्तराधिकारी नज़र नहीं आया और जिस भतीजे को अपना राजनैतिक उत्तराधिकारी बनाया भी उससे भी जल्द ही पीछा छुड़ा लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राकेश व्यास द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11 प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन -1, एमपी नगर, भोपाल - 462011 (मप्र) से मुद्रित एवं प्लाट नम्बर 3, साई दिशा कॉम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। प्रधान संपादक राकेश व्यास, मो : - 09977701999, समूह संपादक सुनील दत्त तिवारी, मो :- 9713 289999, संपादक- ऋषिकान्त सिंह (रजत) परिहार, मो :- 09425002527, फोन: 0755-4222349, ईमेल आईडी: madhyaswarnim@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार होंगे। आरएनआई रजिस्टर्ड क्रमांक:- MPHIN/2013/52452

# ग्वालियर के विकास में एक और ऐतिहासिक कदम ऊर्जा मंत्री तोमर ने किया सीवर लाइन का भूमि पूजन

## आनंद नगर में 5 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से डाली जाएगी सीवर लाइन

**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।**

बहोड़ापुर से आनंद नगर होते हुए सागरताल चौराहे तक सीवर की मैन ट्रैक लाइन 5 करोड़ 23 लाख रुपए में बनाई जाएगी। ग्वालियर के विकास में एक और ऐतिहासिक कदम । इस महत्वपूर्ण परियोजना से क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं में बड़ा लाभ मिलेगा।



उक्ताशय के विचार ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आनंद नगर में सीवर लाइन मैन ट्रैक लाइन के भूमि पूजन के अवसर पर व्यक्त किए। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि आनंद नगर को काफी समय से पहले जीडीए ने बसाया था, तब सीवर लाइन डाली गई थी। आज क्षेत्र में सीवर की समस्या काफी बढ़ गई है, इसके निराकरण के लिए पूरे आनंद नगर में नई सीवर लाइन डाली जा रही है ।साथ ही कहा कि उपनगर ग्वालियर में छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण भी प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। आपने और ईश्वर ने जो सेवा करने का अवसर दिया है, वह में जीवन पर्यंत आपकी सेवा करके निभाऊंगा। उन्होंने कहा कि ग्वालियर की तस्वीर बदलनी है, ग्वालियर को सुंदर व स्वच्छ शहर बनाना है, इसके लिए सभी शहारवासी मिलकर कार्य करें, घरों से निकलने वाले कचरे को सिर्फ कचरा वाहन में ही डालें, इधर-उधर ना डालें। शहर में प्रदूषण कम हो इसके लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण भी हमें करना है। इस अवसर पर चिंटू परमार, रामनिवास तोमर, राजकुमार परमार, जगत सिंह कौरव, मती हेमलता बुदौलिया, प्रयाग तोमर, चंदन राय, गौरी शंकर धाकड़, शैली शर्मा, जीतू राजपूत, कैलाश तोमर सहित बड़ी संख्य में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव 10 मार्च को ग्वालियर आयेंगे

**ग्वालियर ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10 मार्च को ग्वालियर एवं शिवपुरी में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 10 मार्च को दोपहर 2.45 बजे भोपाल से प्रस्थान कर अपरान्ह 3.40 बजे जिला शिवपुरी पहुँचेंगे। शिवपुरी में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात शाम 6 बजे ग्वालियर विमानतल पर पधारेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात शाम 7.20 बजे ग्वालियर से भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

### खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत 10 मार्च को ग्वालियर आयेंगे

**ग्वालियर ।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत 10 मार्च को रेलमार्ग द्वारा ग्वालियर पधारेंगे। ग्वालियर में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के पश्चात रात्रि में ग्वालियर से भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

# ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने की नपा अध्यक्ष से की भेंट

## भगवान परशुराम द्वारा के अधूरे निर्माण को लेकर की गई चर्चा

**गंज बासौदा (मध्य स्वर्णिम)।**



ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि यादव से भेंट कर उनसे नगर में भगवान परशुराम द्वारा के अधूरे निर्माण को अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जन्मोत्सव से पूर्व पूर्ण करने के लिए चर्चा की गई। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से समाज के संरक्षक पंडित केशव शास्त्री, रवि तिवारी ,नित्य प्रकाश शर्मा, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा, सुमित मिश्रा, गगन दुबे, सौरभ शर्मा, नितिन शुक्ला, सौरभ दुबे सहित ब्राह्मण समाज के अनेक प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्रतिनिधि मंडल ने चर्चा की उपरांत नपा अध्यक्ष को एक मांग पत्र भी भेंट किया जिसमें अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण करने पर जोर दिया गया। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल ने नपा अध्यक्ष से कहा कि भव्य परशुराम द्वार का निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाए।

**मांग पत्र में यह है लेख :** ब्राह्मण समाज द्वारा नपा अध्यक्ष को जो मांग पत्र सौंपा है उसमें स्पष्ट रूप से लेख है कि वर्ष 2015 में तात्कालिक नगर पालिका अध्यक्ष महोदया ने भव्य परशुराम द्वार के निर्माण के लिए संत समाज व ब्राह्मण समाज की उपस्थिति में भूमि पूजन हुआ था परंतु किन्हीं कारणों से अब तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। समस्त ब्राह्मण समाज आज इस बात की लिए विचारणीय है कि जहां चारों ओर नपा के विकास कार्य चल रहे हैं वहीं भगवान श्री परशुराम द्वार का निर्माण अधूरा है।अतः आज ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा आपसे विनम्र आग्रह है कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पूर्व द्वार का भव्य निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### उपभोक्ता फोरम के प्रकरणों में 10,65,776 राशि के अवार्ड पारित



**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।** नेशनल लोक अदालत के माध्यम से उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के प्रकरणों में भी आपसी सुलह कर निर्णय लिए गए हैं। म.प्र. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, भोपाल अध्यक्ष श्रीमती सुनीता यादव के मार्गदर्शन में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग विदिशा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया था। जिला उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष श्रीमती शशिकला चंद्रा एवं सदस्य श्रीमती नेहा मिश्रा, द्वारा लोक अदालत में समझौता के आधार पर अपने लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु पक्षकारों को प्रोत्साहित किया गया साथ ही समझौता आधार पर प्रकरणों का निराकरण भी करते हुये राशि रू. 10,65,776६- रू. की अवार्ड राशि पारित की गई है ।वहीं एक प्रकरण आवेदक को त्रुटिपूर्ण होम थियेटर के स्थान पर नवीन होम थियेटर दिलवाया गया है ।

### जिले की स्व-सहायता समूह ने सहभागिता निभाई



**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में विदिशा जिले की महिला स्व-सहायता समूहों की 74 सदस्यों ने सहभागिता निभाई है। मध्यप्रदेश आजिविका मिशन के जिला समन्वयक संजय चैरसिया ने बताया कि भोपाल के मिंटो हाल में उपस्थित होकर मुख्यमंत्री जी व अन्य के उद्बोधन को सीधा देखा सुना वहीं महिला पत्रकारों ने उनसे संवाद कर विदिशा जिले में समूहों की विशेष उपलब्धियों को जाना है। जिला समन्वयक संजय चैरसिया ने बताया कि स्व सहायता समूह की ऐसी दीदीयां जो शासन की योजनाओं से लाभान्वित होकर लखपति बनी हुई ऐसी दिदियों का चयन प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने हेतु चयन किया गया था।

### भगोरिया पर्व में शामिल हुए डीएफओ एवं एसडीएम



**सीहोर (मध्य स्वर्णिम)।** जनजातीय संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरने वाला भागोरिया पर्व सीहोर जिले के जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में मनाया जा रहा है। भैरूंदा तहसील के लाड़कुई में मनाए जा रहे भगोरिया पर्व में डीएफओ मगन सिंह डाबर तथा भैरूंदा एसडीएम मदन श्री रघुवंशी शामिल हुए। उन्होंने सभी जनजातीय समुदाय के नागरिकों को भगोरिया पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि इस समय सीहोर जिले में आदिवासी संस्कृति की अनुपम छठ बिखरने वाला भगोरिया पर्व चल रहा है। भगोरिया पर्व जनजातीय समुदाय का सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है। यह पर्व पश्चिम मध्य प्रदेश के निमाड़ और मालवा के आदिवासी बहुल्य इलाके में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाता है। यह पर्व होली से एक सप्ताह पहले प्रारंभ हो जाता है। सीहोर जिले के जनजातीय इलाकों में भी यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस दौरान विशेष मेले लगते हैं जहां जनजाति समुदाय के लोग अपने पारंपरिक परिधानों में पहुंचते हैं। इन मेलो में महिला, पुरुष, बच्चे, बूढ़े सभी शामिल होते हैं और पारंपरिक नृत्य, गीत, संगीत के माध्यम से अपने उल्लास को प्रदर्शित करते हैं। भगोरिया की शुरुआत उस समय से हुई जब साढ़े चार सौ साल पहले दो भील राजाओं कासुमार और बालून ने अपनी राजधानी भगोर में मेले का आयोजन करना शुरू किया। सर्वप्रथम झाबुआ जिले के छोटे से गांव भगोर, जिसे भृगु ऋषि की तपोस्थली कहा जाता है, वहां से भगोरिया पर्व शुरू हुआ। धीरे-धीरे आस-पास के भील राजाओं ने भी इन्हीं का अनुसरण करना शुरू किया, जिससे हाट और मेलों को भगोरिया कहने का चलन बन गया। लेकिन अब समय के बदलते परिवेश में इसे भगोरिया हाट के नाम से जाना जाने लगा है। होली दहन से पहला साप्ताहिक बाजार लगता है। विशेष कर जनजातीय क्षेत्रों में लगने वाले हाट बाजार को ही भगोरिया हाट के नाम से जाना जाता है।

### मत्स्य संपदा योजना ने खोले बनवारी लाल की समृद्धि के द्वार

**सीहोर (मध्य स्वर्णिम)।** सरकार द्वारा कृषि के साथ-साथ पशुपालन एवं मत्स्य पालन सहित विभिन्न क्षेत्रों में किसानों की निरंतर प्रगति के लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना भी उन्हीं योजनाओं में से एक है। इस योजना का उद्देश्य मछली पालन के क्षेत्र के समग्र विकास के लिए आर्थिक सहायता और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। यह योजना मत्स्य पालन क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने और ब्लू इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल मत्स्य उत्पादों का उत्पादन और निर्यात बढ़ रहा है, बल्कि रोज़गार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। सीहोर जिले के ग्राम कादमपुर निवासी बनवारीलाल भी उन्हीं हितग्राहियों में से एक हैं जिन्हें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ मिला हैं। मत्स्य कृषक बनवारीलाल ने बताया कि वह अपनी 4 एकड़ कृषि योग्य भूमि में कृषि का कार्य करते थे। जिससे वर्ष भर में लगभग एक से दो लाख रूपये की आय प्राप्त होती थी। उन्होंने बताया कि एक दिन मत्स्य विभाग में मत्स्य निरीक्षक से उन्हें इस योजना के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने अपनी 0.500 हैक्टेयर भूमि में तालाब निर्माण कर मत्स्य पालन का कार्य प्रारंभ किया और इस योजना के तहत मत्स्य विभाग द्वारा उन्हें 02.20 लाख रूपये का अनुदान प्रदान किया गया।

# समाज और संस्कृति को दिशा देती हैं फिल्में : धर्मेंद्र लोधी

## आज बन रही फिल्मों में भारत की बात दिखाई दे रही है

**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।**

जिस तरह साहित्य समाज का दर्पण होता है, उसी तरह फिल्में समाज की प्रतिबिंब होती हैं। समाज में जिस तरह से बदलाव आया है, आज की फिल्मों में भी यह दिखाई दे रहा है। आज बन रही फिल्मों में भारत की बात दिखाई दे रही है। पहले एक खास वर्ग के फिल्म निर्माताओं ने हमारे वास्तविक इतिहास को छिपाया और समाज को भ्रमित करने का प्रयास किया। लेकिन आज ऐसी फिल्में बन रही हैं जो वास्तविकता को दर्शा रही हैं। ग्वालियर शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल निश्चित रूप से फिल्म निर्माण के क्षेत्र में समाज और संस्कृति को सही दिशा देने में सहायक सिद्ध होगा। मध्यप्रदेश सरकार भी फिल्म क्षेत्र को आगे ले जाने का काम करेगी। यह बात प्रदेश के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने शनिवार को



आईआईटीटीएम में आयोजित दो दिवसीय 'ग्वालियर शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल' के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। सतपुड़ा चलचित्र समिति और विश्व संवाद केंद्र मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के विशेष अतिथि प्रख्यात फिल्म निर्देशक देवेंद्र मालवीय, फिल्म प्रोड्यूसर अतुल गंगवार, उद्यमी दीपक जादौन थे।

# न्यायाधीश ने याद दिलाए सात वचन, सात सालों से बिछड़े पति पत्नी में बनी सहमति,अदालत में हुई वर माला

## न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन, न्यायाधीश ने माता सरस्वती की पूजन कर शुभारंभ किया

**गंज बासौदा (मध्य स्वर्णिम)।**

नेशनल लोक अदालत का मूल मंत्र लोक अदालत का एक ही नारा, ना कोई जीता ना कोई हारा, से शनिवार को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिसमें न्यायाधीशगण के द्वारा माता सरस्वती की पूजन कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। आयोजित लोक अदालत में सभी विभागों अलग अलग चल रहे प्रकरणों का निराकरण भी मौके पर किया गया, साथ ही न्यायालय परिसर में न्यायाधीशों की समझाइश के पश्चात पारिवारिक कलह के चलते कई वर्षो से दूर रह रहे पति-पत्नी के द्वारा न्यायालय परिसर में ही न्यायाधीशों की उपस्थिति में शादी के दौरान लिए गए सात वचन याद कर जीवन भर साथ जीने की कसम भी याद करी । प्रथम जिला न्यायाधीश गंजबासौदा अनुराग द्विवेदी द्वारा समझौता हेतु समझाने पर 2018 से अलग रह रहे पति-पत्नी एक साथ रहने के लिए तैयार हो गए । सहमति बनने पर दंपति ने एक दूसरे को माला पहनाकर अपने अपने गिले शिकवे दूर किए। न्यायधीश द्वारा दंपति को फलदार पेड़ो के पौधे उपहार स्वरूप दिए, साथ ही दोनों पक्षों को पौधा रोपण करने के साथ उसकी देखभाल करने हेतु समझाया गया, इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में एक परिवार का मिलन संपन्न हुआ, लोक अदालत का एक ही नारा, ना कोई जीता ना कोई हारा, इस अवसर पर अपर लोक अभियोजक सुरेंद्र सिंह राजपूत,मंजू कुशवाहा, सी एल कुशवाहा, आशीष माथुर, बृजेश रघुवंशी, रितेश तिवारी, दीपक जैन उपस्थित रहे।



# खाद्य सुरक्षा की टीम ने मावे के दो सेम्पल लिए, 63 हजार रूपए कीमत का 223 किलोग्राम मावा जब्त

## त्यौहारों को देखते हुए कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर चलाया सघन जांच का अभियान

**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।**

आगामी त्यौहारों को देखते हुए कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर ग्वालियर जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों की सघन जाँच का अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने वीडियो कोच बसों की जांच की।

जाँच में दो नमूने जिनकी मात्रा 223 किलोग्राम एवं बाजार मूल्य 63 हजार रूपए है। इन दोनों नमूनों को जब्त पर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री बृजेश कुमार शिरोमणि, श्री सतीश धाकड़ एवं सतीश शर्मा की टीम ने मोर बाजार (महाराज बाड़ा) पहुँचकर लोडिंग वाहन क्र.-एमपी-07-जीए-9244 में जाँच के दौरान मावे की डलिया पाई गईं। पूछताछ करने पर वाहन ड्रायवर राहुल गोस्वामी निवासी सोनी जिला भिण्ड ने बताया कि मावे की 9 डलिया रखी हैं, जिसे भिण्ड की बजरंग डेयरी से मोर बाजार लाया गया है। ड्रायवर द्वारा फूड लायसेंस एवं दस्तावेज टीम को प्रस्तुत किए। मौके पर मिले मावे की चलित फूड लैब से जाँच कराने पर, यूरिया, डिटर्जेंट, स्टार्च नहीं पाया गया, लेकिन एसएनएफ एवं फैट की कमी की आशंका पर खाद्य सुरक्षा टीम ने दो नमूने लेकर मावा जिसकी कुल कीमत 63 हजार रूपए है, जब्त करने की कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा लिए गए मावे के नमूनों की जाँच राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजी जायेगी। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।



### पीएम इंटर्नशिप योजना में जिले के युवाओं से आवेदन कराने के निर्देश

**सीहोर (मध्य स्वर्णिम)।** जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर आया है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2024-25 के दूसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत, चुने गए उम्मीदवारों को देश की टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को इस योजना में जिले के युवाओं के पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारत की 500 शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर रोजगार परक बनाना है तथा युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक जीवन के व्यावसायिक वातावरण से अवगत कराना है, जिससे उन्हें व्यवहारिक कौशल एवं कार्य अनुभव प्राप्त करने में मदद मिले। इसके लिए आवेदन किए जा रहे हैं जिसकी अंतिम तिथि 12 मार्च 2025 है। इस योजना में आवेदन के लिए युवाओं की आयु 21 से 24 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके लिए 10वीं पास वह युवा आवेदन कर सकते हैं जो किसी पूर्णकालिक रोजगार या शिक्षा में संलग्न नहीं हैं।

# पीएम जन-मन आवास को हितग्राही ने मार्डन बनाया

## शासन की मंशानुरूप तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही

**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।**



पीएम जन-मन योजना के तहत जिले के चिहीत सहरिया जनजातीय वर्ग के नागरिकों को शासन की मंशानुरूप तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं हितग्राही मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत सैचुरेशन के प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा हरेक सोमवार को पीएम जन-मन योजना के कार्यों की समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर की पहल पर सहरिया बंधुओं को प्रदाय आवासों को मार्डन के रूप में तैयार कराएं जा रहें।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गत दिवस आकां विकास खंड व सहरिया जन जातीय बाहुल्य गंजबासौदा के ग्रामों का भ्रमण कर शासकीय योजनाओं व कार्यक्रमों तथा निर्माण कार्यो का जायजा लिया है। कलेक्टर सिंह ने ग्राम पंचायत पिपरिया दौलत के नयागांव में भ्रमण के दौरान अचानक एक आवास पर नजर पड़ी तो अधीनस्थों से पूछताछ करने पर अपने आप को रोक नहीं पाएं और हितग्राही सुनील ममता सहरिया के द्वारा बनाए गए पीएम जन-मन आवास को देखने पहुंचे हितग्राही ने अपने आवास में तमाम बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति ही नहीं कि बल्कि बाऊंडीवाल और क्यारियों में सुगंधित पुष्प और पपीता के पौधे भी लगाएं गये है।

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र के संबंध में जांच रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाए : कलेक्टर सक्सेना

## सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लें और उनका निराकरण करें

**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।**

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने राजस्व वसूली, नक्शा बटांकन, आधार से आरओआर लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री, बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन, धारणाधिकार तथा आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देशति किया कि राजस्व के कार्यों में प्रगति लायें, इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसके साथ ही कहा कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लें और उनका निराकरण करें। प्रकरणों के निराकरण से जिले की रैंकिंग में सुधार होगी। इस दौरान कलेक्टर सक्सेना ने एक-एक प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निराकरण के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम और तहसीलदार फील्ड विजिट करें और अपने-अपने कार्य को देखें। पेंडिंग प्रकरण न बढ़े इसके लिए लगातार उनके निराकरण करते रहें। कलेक्टर सक्सेना ने विशेष रूप से कहा कि जिले में फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाने वाले रैकेट पर तगड़ी कार्यवाही करे। फर्जी हस्ताक्षर व फर्जी आदेश पर तत्काल एफआईआर दर्ज करायें। शासकीय प्रक्रिया में जहां कहीं भी फर्जी कागजात मिले तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों की जांच करें, यदि फर्जी है तो इसमें संलिप्त व्यक्तियों पर प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि विशेष रूप् से जाति प्रमाण पत्र के संबंध में शीघ्रता से जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कृतिका आजीविका आउटलेट में उपलब्ध होंगी हरी सब्जियां एवं जैविक उत्पाद

## जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोंटिया ने आउटलेट को दिये गये नये स्वरूप का फीता काटकर शुभारंभ किया



**जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।**

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर आज से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कृतिका आजीविका आउटलेट में रसायन रहित शुद्ध ताजी हरी सब्जियों एवं जैविक उत्पादों के विक्रय की शुरुआत की गई। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया ने यहाँ आयोजित एक कार्यक्रम में इस आउटलेट को दिये गये नये स्वरूप का फीता काटकर शुभारंभ किया। कृतिका आजीविका आउटलेट का संचालन मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत वीरांगना संकुल स्तरीय संघ की सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। यह आउटलेट अब जहाँ जैविक खेती करने वाले किसानों को अपने उत्पादों को बेचने का मंच उपलब्ध करायेगा, वहीं आमजनों को भी रसायन रहित दलहन, तेल, गुड़, कोदो-कुटकी जैसे श्रीअन्न एवं इनसे बने कुकीज, लड्डू एवं नमकीन, हर्बल कलर, जैविक नूडल्स, पास्ता, मसाले और घरेलू उपयोग की सामग्रियां उचित दामों पर उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गोंटिया ने किसानों एवं आमजनों को क्रय और विक्रय के लिए आउटलेट के रूप में एक मंच प्रदान करने के लिए वीरांगना संकुल स्तरीय संघ की सदस्यों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने रसायन मुक्त उत्पादों से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी प्रदान करते हुये राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा भी की।

# सीपीसीबी की ताजा रिपोर्ट : महाकुंभ में स्नान के लिए उपयुक्त था गंगा-यमुना का पानी

## आंकड़ों के विश्लेषण में पानी की गुणवत्ता प्रमुख मानकों पर खरी उतरी है

नई दिल्ली ( एजेंसी )। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि हाल ही में संपन्न हुए महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का पानी स्नान के लिए उपयुक्त था। यह रिपोर्ट नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में प्रस्तुत की गई है, जिसमें कहा गया है कि आंकड़ों के विश्लेषण में पानी की गुणवत्ता प्रमुख मानकों पर खरी उतरी है। एनजीटी में पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि डेटा वेरिएबिलिटी के कारण सांख्यिकीय विश्लेषण (स्टेटिस्टिकल एनालिसिस) आवश्यक था, क्योंकि अलग-अलग तारीखों पर और विभिन्न स्थानों से लिए गए सैंपल में भिन्नता पाई गई थी। इस कारण पूरे नदी क्षेत्र की जल गुणवत्ता का सही आकलन करना कठिन हो गया था।



हालांकि, रिपोर्ट को 28 फरवरी को तैयार किया गया था, लेकिन इसे एनजीटी की वेबसाइट पर 7 मार्च को अपलोड किया गया। सीपीसीबी ने महाकुंभ के दौरान 12 जनवरी से हर सप्ताह दो बार जल की गुणवत्ता की निगरानी की। गंगा नदी पर पांच स्थानों और यमुना नदी पर दो स्थानों पर विशेषज्ञ समिति द्वारा यह परीक्षण किया गया। महाकुंभ का समापन हो चुका है, लेकिन इस दौरान नदियों के पानी में स्नान को लेकर कई सवाल उठे थे। कुछ रिपोर्टों में कहा गया था कि पानी की गुणवत्ता स्नान के लिए उपयुक्त नहीं थी। 17 फरवरी को सीपीसीबी ने एनजीटी को सूचित किया था कि विभिन्न स्थानों पर पानी की गुणवत्ता समय-समय पर स्नान के मानकों पर भी खरी नहीं उतरी। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि महाकुंभ के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के स्नान करने से फेकल स्तर में वृद्धि हुई थी, जिससे जल की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती थी। इस मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सौरभ तिवारी कोर्ट में पेश हुए थे। यह रिपोर्ट जल प्रदूषण की स्थिति और भविष्य में नदियों की गुणवत्ता सुधार के उपायों के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है।

### आईफा अवॉर्ड्स : अमर सिंह चमकीला को मिला बेस्ट फिल्म का आईफा अवॉर्ड

जयपुर ( एजेंसी )। इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आईफा) अवॉड्?र्स समारोह की शुरुआत जयपुर में शनिवार से हुई। 2 दिन चलने वाले इस समारोह में सीतापुरा स्थित एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में पहले दिन 8 मार्च को डिजिटल अवॉर्ड दिए गए। इसमें चमकीला को डिजिटल कैटेगरी की बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड मिला। शनिवार देर रात तक चले कार्यक्रम में स्टेज पर अभिनेता-अभिनेत्री ने जमकर मस्ती की। अभिषेक और विजय वर्मा के बीच स्टेज पर होस्टिंग को लेकर तकरार हुई। इसमें अपारशक्ति भी शामिल हुए। आखिर में तीनों ने मिलकर होस्टिंग की। आईफा सेरेमनी के दौरान स्टेज पर बॉक्सिंग रिंग बनाई गई। इस रिंग में एक्टर अभिषेक बनर्जी और विजय वर्मा उतरे। दोनों ने फिल्मों और ओटीटी को लेकर बॉक्सिंग की। वहीं नोरा फतेही के साथ जयपुर के 2 युवा कलाकारों में डांस किया। आईफा डिजिटल फिल्म अवॉर्ड में बेस्ट फिल्म का पुरस्कार अमर सिंह चमकीला को मिला। चमकीला फिल्म के लिए ही इम्तियाज अली को बेस्ट डायरेक्टर चुना गया। परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल फीमेल कैटेगरी में कृति सेनन को फिल्म दो पत्ती के लिए दिया गया। वहीं परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल मेल कैटेगरी का अवॉर्ड विक्रांत मैसी को सेक्टर 36 के लिए मिला।

# यूपी के नेता राजा भैया पर पत्नी ने लगाया प्रताड़ना का आरोप, एफआईआर दर्ज

## भानवी पिछले लंबे समय से अपने पति से अलग रह रही है

दिल्ली ( एजेंसी )। यूपी के नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ दिल्ली के सफदरजंग एंक्लेव थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। उनके खिलाफ उनकी पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने प्रताड़ना का आरोप लगाया था। भानवी पिछले लंबे समय से अपने पति से अलग रह रही हैं। भानवी की ओर से दिल्ली पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में पति रघुराज प्रताप सिंह के खिलाफ शारीरिक और मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। इसके साथ ही भावनी ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है।



पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। इस मामले में फिलहाल जांच चल रही है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि यह मामला पहले क्राइम अगेंस्ट वुमेन सेल में चल रहा था और मीडिएशन सेंटर भी गया था। इसके बाद जब यह मामला थाने आया तो केस दर्ज किया गया है। एफआईआर के मुताबिक भानवी सिंह ने शिकायत में कहा है कि रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया) पिछले कई सालों से उनके साथ शारीरिक और मानसिक क्रूरता कर रहे हैं और हाल की मेडिकल रिपोर्ट से यह साबित होता है कि उनके पति द्वारा किए शारीरिक शोषण के कारण उनके अंग क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे उनकी जान को खतरा है। भावनी ने आगे कहा कि उनके पति रघुराज के खिलाफ क्रूरता और हिंसा के खिलाफ एनसीडब्ल्यू और डीएएलएसए के समक्ष 20 मार्च 2023 को भी शिकायत दर्ज कराई थी।

# सिर्फ कांग्रेस में नहीं, बल्कि अन्य पार्टियों में भी हैं बी टीम, राहुल के बयान पर बोले संजय राउत


## अगर राहुल गांधी ने ऐसे लोगों को बाहर करने का फैसला लिया है, तो मैं इसका स्वागत करता हूं

मुंबई ( एजेंसी )। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा गुजरात में दिए गए बी-टीम वाले बयान पर शिवसेना नेता संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ए टीम और बी टीम सिर्फ कांग्रेस में ही नहीं, बल्कि बाकी पार्टियों में भी होती हैं। संजय राउत ने कहा, कि जो लोग पार्टी में बैठकर अंदरखाने बीजेपी से मिले रहते हैं, वे सिर्फ कांग्रेस में ही नहीं, बल्कि अन्य पार्टियों में भी मौजूद हैं। अगर राहुल गांधी ने ऐसे लोगों को बाहर करने का फैसला लिया है, तो मैं इसका स्वागत करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि कई लोग पार्टी में रहते हुए चुपचाप गद्दारी करते हैं, जिन्हें नमक हराम कहा जाता है। उन्होंने शिवसेना का उदाहरण देते हुए कहा, हमारे यहां एकनाथ शिंदे और उनके 40 लोग दो साल तक बीजेपी का एजेंडा चलाते रहे और फिर खुलेआम चले गए। उन्होंने कहा कि यह तो अच्छा ही हुआ, क्योंकि अब हम अपने ही घर में आजाद हो गए हैं। संजय राउत ने कहा कि पार्टी के भीतर रहकर धोखा देना उसी तरह है जैसे कोई देश में रहते हुए किसी विदेशी ताकत के लिए काम करता है। उन्होंने आरएसएस के प्रदीप कुरुलकर का उदाहरण दिया और कहा, कि जो डीआरडीओ में रहकर पाकिस्तान के लिए काम कर रहा था, ऐसे लोग हर जगह होते हैं। दरअसल शनिवार को गुजरात के अहमदाबाद में राहुल गांधी ने बड़ा बयान देते हुए कहा, मैं कांग्रेस पार्टी का सदस्य हूं और मैं स्टेज से कहना चाहता हूं कि गुजरात को कांग्रेस पार्टी सही दिशा नहीं दिखा पा रही है।



# बंदूकधारियों ने आईएसआई एजेंट मुफ्ती शाह मीर को सरेआम गोलियां से भूना

इस्लामाबाद ( एजेंसी )। आईएसआई ने बड़े-बड़े अपराधियों और आतंकवादियों को अपना अंडरकवर एजेंट बनाकर उनके जरिए अपने मंसूबे पूरे करने की कोशिश की है। आईएसआई के ऐसे ही एक एजेंट मुफ्ती शाह मीर की अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मुफ्ती शाह मीर भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव की किडनैपिंग में भी शामिल बताया जाता है। बलूचिस्तान के तुरबत इलाके का रहने वाला मुफ्ती शाह मीर आईएसआई के इशारे पर अवैध तरीके से लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने का धंधा चलाता था इसकी आड़ में वह ड्रग्स और हथियारों की तस्करी भी करता था। मुफ्ती शाह मीर पाकिस्तान में चल रहे आतंकवादी ट्रेनिंग सेंटरों का भी चक्कर लगाता रहता था, ताकि बाहर से देखने पर उसे आतंकवादी संगठन का हिस्सा समझा जाए। मुफ्ती शाह ने आईएसआई के इशारे पर अफगानिस्तान में भी अपनी पैठ बनाई थी।



# सर्वे में मिले संकेत : अमेरिका से बहस बाद जेलेंस्की की अप्रूरूवल रेटिंग में इजाफा

## मार्च की शुरुआत में जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग बढ़कर 68 प्रतिशत हो गई

कीव ( एजेंसी )। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में हुई तीखी बहस के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति के लिए देश में समर्थन बढ़ा है। सर्वे के अनुसार, अमेरिकी प्रशासन के साथ बढ़ते तनाव के बीच जेलेंस्की की अप्रवल रेटिंग में इजाफा हुआ है।

कीव इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोशियोलॉजी के सर्वे में पाया गया कि मार्च की शुरुआत में जेलेंस्की की अप्रूरुवल रेटिंग बढ़कर 68 प्रतिशत हो गई, जो एक महीने पहले 57 प्रतिशत थी। इस बीच, उनकी डिसअप्रूवल रेटिंग 37 प्रतिशत से गिरकर 27 प्रतिशत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी एयरोस्पेस फर्म मैक्सार द्वारा ली गई युद्ध के मैदान की तस्वीरें अब यूक्रेन के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। कीव इन तस्वीरों का इस्तेमाल रूसी सेना की गतिविधियों पर नजर रखने और हवाई हमलों के बाद नुकसान का आकलन करने के लिए कर रहा था। सर्वे के नतीजों पर टिप्पणी करते हुए, केआईआईएस के कार्यकारी निदेशक एंटोन हरुशेत्स्की ने कहा, यूक्रेन के लोग नई अमेरिकी सरकार की बयानबाजी को पूरे यूक्रेन और सभी यूक्रेनवासियों पर हमला मानते हैं। 28 फरवरी को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ जेलेंस्की की बैठक एक तीखी बहस में बदल गई। दो देशों के नेताओं के बीच बहस को पूरी दुनिया ने देखा।





# महंगाई के आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

## कच्चे तेल की कीमत और रुपए की चाल भी घरेलू शेयर बाजार को प्रभावित करेगी

मुंबई ( एजेंसी )। अमेरिकी टैरिफ में राहत दिये जाने के संकेत के बीच चीन की जवाब कार्रवाई में प्रोत्साहिन पैकेज और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बैंकिंग तंत्र में तरलता बढ़ाने की घोषणा से स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह डेढ़ प्रतिशत से अधिक उछले घरेलू शेयर बाजार की चाल इस सप्ताह वैश्विक रुख और फरवरी के महंगाई आंकड़ों से तय होगी।



बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1134.48 अंक अर्थात 1.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 74332.58 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 427.8 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ 22552.50 अंक पर रहा। बाजार के विश्लेषकों ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार के लिए यह हफ्ता काफी अहम होने वाला है। खुदरा महंगाई, डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति, डॉलर के प्रति रुपये की चाल, एफआईआई, घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से शेयर बाजार की दिशा तय होगी। इस सप्ताह कच्चे तेल की कीमत और डॉलर के मुकाबले रुपए की चाल भी घरेलू शेयर बाजार को प्रभावित करेगी। बाजार के जानकारों ने कहा कि घरेलू बाजार ओवरसोल्ड स्तर से ऊपर आ गया है। अगर टैरिफ को लेकर अनिश्चितता कम होती है और इसके साथ ही कॉरपोरेट आय में सुधार होता है तो एक बड़ी रिकवरी देखने को मिल सकती है।

शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बिकवाली जारी रखी है। इस दौरान एफआईआई की ओर से बाजार से 15,501 करोड़ रुपये की निकासी की गई है। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 20,950 करोड़ रुपये का निवेश किया है। उनका कहना है कि निफ्टी इस हफ्ते अपने 100 हफ्तों के ईएमए 22,051 से रिकवर करके बंद हुआ है। निफ्टी के लिए 22,700 एक मजबूत रुकावट का स्तर होगा। अगर निफ्टी इस स्तर को तोड़ देता है तो 23,100 का लेवल देखने को मिल सकता है। गिरावट पर इसका सपोर्ट 22,300 और 22,000 पर है।

### शॉकवेव इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल लॉन्च

नईदिल्ली ( एजेंसी )। अल्ट्रावॉयलेट कंपनी ने टेसेरैक्ट इलेक्ट्रिक स्कूटर के साथ शॉकवेव इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल भी लॉन्च की है। मोटरसाइकिल की तरह, स्कूटर के लिए भी 999 रुपये में प्री-बुकिंग शुरू हो गई है और इसकी डिलीवरी 2026 की शुरुआत में शुरू होगी। शॉकवेव की कीमत पहले 1,000 ग्राहकों के लिए 1.50 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है। उसके बाद, कीमत बढ़कर 1.75 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) हो जाएगी।

शॉकवेव अल्ट्रावॉयलेट के लाइट मोटरसाइकिल प्लेटफॉर्म में प्रवेश का प्रतीक है। कंपनी दो और इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल बेचती है - एफ77 सुपरस्ट्रीट और एफ77 मैक 2। शॉकवेव की 14.5बीएचपी मोटर 3.5 के डब्ल्यूएच बैटरी से जुड़ी है। इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल के पिछले पहिये पर 505 एनएम का टॉर्क होने का दावा किया गया है। इसका वजन 120 किलोग्राम है। दावा किया जाता है कि शॉकवेव एक बार फुल चार्ज होने पर 165 किलोमीटर की रेंज देता है।

# शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.10 लाख करोड़ बढ़ा

## सबसे अधिक लाभ रिलायंस इंड. और टाटा कंसल्टेंसी को हुआ

मुंबई ( एजेंसी )। पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2,10,254.96 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 66,985.25 करोड़ रुपये बढ़कर 16,90,328.70 करोड़ रुपये, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार मूल्यांकन 46,094.44 करोड़ रुपये बढ़कर 13,06,599.95 करोड़ रुपये रहा। बाजार मूल्यांकन में तेज उछाल के बाद टीसीएस एक बार फिर शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 39,714.56 करोड़ रुपये बढ़कर 6,53,951.53 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल का मूल्यांकन 35,276.3 करोड़ रुपये बढ़कर 9,30,269.97 करोड़ रुपये, आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 11,425.77 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,05,293.34 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का 7,939.13 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 8,57,743.03 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत में 2,819.51 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और उसका बाजार पूंजीकरण 5,17,802.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के विपरीत एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 31,832.92 करोड़ रुपये घटकर 12,92, 578.39 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 8,535.74 रुपये घटकर 5,20,981.25 करोड़ रुपये रह गई।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### युवा ने लॉन्ग बुक्स की कीमत घटाई

नई दिल्ली ( एजेंसी )। छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक सामग्री सहज उपलब्ध हो, इस उद्देश्य से नवनीत एज्युकेशन के ब्रांड यूवा ने ए4 आकार की लॉन्ग बुक्स की कीमत घटाई है, जिससे टिकाऊपन और किफायती दर का संतुलन बना रहे। यह निर्णय कच्चे माल की कीमतों में आई गिरावट के कारण लिया गया है। इसके चलते यूवा को कीमत कम करने का अवसर मिला और इस लाभ को छात्रों व प्रोफेशनल्स तक पहुचाने का प्रयास किया गया है। विद्यार्थियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई 172 पृष्ठों की लॉन्ग बुक अब ?65 में और 140 पृष्ठों की लॉन्ग बुक ?55 की अविश्वसनीय कीमत पर उपलब्ध है। यह हर प्रकार की लेखन आवश्यकताओं के लिए एक स्मार्ट विकल्प है। शिक्षा और आसान उपलब्धता पर जोर देते हुए, यूवा अपने उत्पादनों का विस्तार कर रहा है ताकि छात्रों को अधिक खर्च किए बिना बेहतर लेखन अनुभव मिल सके।

### टाटा प्ले के-ड्रामा पर मनोरंजन का आनंद

नई दिल्ली ( एजेंसी )। रोमांचक एक्शन, हास्य और के-पॉप के साथ कोरियन मनोरंजन का आनंद लीजिए, वो भी अपने घर बैठकर। विभिन्न शैलियों में अनेक शीर्षकों के साथ टाटा प्ले के-ड्रामा (पहले टाटा प्ले विदेशी कहानियाँ के नाम से मशहूर) आपके लिए लेकर आया है, सबसे दिलचस्प कोरियन मनोरंजन। इस नई श्रृंखला में कोरिया के सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम एक ही छत के नीचे देखने को मिलेंगे। समर स्ट्राईक, आई एम नॉट ए रोबोट और डबलू - टू वर्ल्ड्स एपार्ट जैसे रोचक कार्यक्रमों के साथ अनलॉक माई बॉस जैसे एक्शन और फ्लॉवर ऑफ एविल, 365 - रिपीट द ईयर के साथ-साथ शानदार के-पॉप परफॉर्मेंस—यहां हर किसी के लिए कुछ न कुछ देखने और आनंद लेने के लिए है! इसलिए कोरियन मनोरंजन का अनुभव पाने के लिए तैयार हो जाईये क्योंकि केवल टाटा प्ले के-ड्रामा आपके लिए सियोल से लेकर आ रहा है, पूरी तरह से विज्ञापनमुक्त मनोरंजन। सबसे अच्छी बात यह है कि विदेशी कहानियाँ अब टाटा प्ले के-ड्रामा में तब्दील हो गई हैं।

### नेस्प्रेसो ने खोला अपना पहला बुटीक

नई दिल्ली ( एजेंसी )। प्रीमियम पोर्शनड कॉफी में अग्रणी नेस्प्रेसो ने नई दिल्ली के साकेत स्थित सिलेक्ट सिटीवॉक मॉल में अपने पहले बुटीक के भव्य उद्घाटन की घोषणा की है। यह लॉन्च भारत में नेस्प्रेसो के विस्तार में एक अहम पड़ाव है और 2024 के अंत में देश में अपनी शुरुआत के बाद इसका अगला बड़ा कदम है। इस नए बुटीक में कॉफी प्रेमियों को एक अनोखा अनुभव मिलेगा, जहां वे नेस्प्रेसो की बेहतरीन गुणवत्ता वाली कॉफी और अत्याधुनिक मशीनों की पूरी रेंज देख और आज़मा सकेंगे। ग्राहक विभिन्न कॉफी ब्लेंड्स का स्वाद चख सकते हैं, प्रशिक्षित कॉफी विशेषज्ञों से व्यक्तिगत सलाह प्राप्त कर सकते हैं, और नेस्प्रेसो की स्थिरता (सस्टेनेबिलिटी) के प्रति प्रतिबद्धता के बारे में जान सकते हैं। नेस्प्रेसो के सीईओ, फिलिप नवरातिल ने इस मौके पर कहा, दिल्ली में नेस्प्रेसो बुटीक का शुभारंभ भारत में बढ़ती कॉफी संस्कृति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हमें गर्व है, क्योंकि इसके जरिए हम भारतीय कॉफी प्रेमियों को नेस्प्रेसो का बेमिसाल स्वाद चखने का मौका दे रहे हैं। हमारा मानना है कि नेस्प्रेसो का हर कप गुणवत्ता, कारीगरी और स्थिरता की एक कहानी कहता है।

# फोनपे ने निवेश पैटर्न का विश्लेषण किया

नई दिल्ली ( एजेंसी )। इस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, फ़ोनपे वेल्थ अपने प्लेटफॉर्म पर महिलाओं की म्यूचुअल फंड्स में बढ़ती भागीदारी के साथ-साथ उनके बढ़ते निवेश और योगदान में हो रही वृद्धि को सामने ला रहा है। महिला निवेशकों के बढ़ते योगदान और निवेश प्रतिबद्धता को देखते हुए, फ़ोनपे वेल्थ ने 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक 1 लाख महिला निवेशकों के निवेश पैटर्न का विश्लेषण किया, और डेटा दर्शाते हैं कि महिलाएँ सोच-समझकर बड़े निवेश कर रही हैं और अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। उपरोक्त अवधि के डेटा से पता चलता है कि महिला निवेशकों का एवरेज सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) योगदान पुरुषों की तुलना में लगभग 22प्रतिशत अधिक है, जबकि उनका एवरेज लम्पसम निवेश पुरुषों से लगभग 45 प्रतिशत अधिक रहा है। ये डेटा दर्शाते हैं कि महिलाएँ वित्तीय बाजारों और जोखिम को एक नए नजरिए से देख रही हैं। हम महिला निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और वित्तीय क्षेत्र में उनके बदलते योगदान की सराहना करते हैं। नीलेश डी नायक, हेड ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट्स, शेयर डॉट मार्केट (फ़ोनपे वेल्थ)। उन्होंने आगे कहा हमारे डेटा यह भी दर्शाते हैं कि अब महिला निवेशक न केवल भाग ले रही हैं, बल्कि सक्रिय रूप से निवेश भी कर रही हैं। हमारा मानना है कि महिला निवेशक वित्तीय रूप से जागरूक और आत्मनिर्भर हैं। वे अपने पोर्टफ़ोलियो में विविधता ला रही हैं और दीर्घकालिक सोच के साथ निवेश कर रही हैं।

# बिरला ओपस पेंट्स ने अपना पहला स्टूडियो लांच किया, यह उद्योग का पहला एक्सपीरियंस सेंटर है

## यह सेंटर ग्राहकों द्वारा कलर्स खोजने और चुनने के तरीके में परिवर्तन ला देगा

मुंबई ( एजेंसी )। आदित्य बिरला ग्रुप की ग्रासिम इंडस्ट्रीज़ के तहत आने वाले ब्रांड, बिरला ओपस पेंट्स ने अपना पहला बिरला ओपस पेंट स्टूडियो (कंपनी ओन्ड एवं कंपनी ऑपरेटेड स्टोर) पेश किया। यह उद्योग का पहला एक्सपीरियंस सेंटर है, जो ग्राहकों द्वारा कलर्स खोजने और चुनने के तरीके में परिवर्तन ला देगा। यह उपलब्धि इनोवेशन, प्रीमियम पेशकशों और दिलचस्प ग्राहक अनुभव द्वारा पेंट एवं डेकोर उद्योग में परिवर्तन लाने की ब्रांड की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। इस सेंटर का लॉन्च गुरुग्राम में किया गया। यहाँ ग्राहकों के लिए विशेष विकल्पों के साथ 170 से अधिक उत्पाद हैं। यह कंपनी की विस्तार योजना में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य भारत में कंपनी के रिटेल फुटप्रिंट बढ़ाना है। कंपनी आने वाले महीनों में एक्सपीरियंशल रिटेल पर केंद्रित रहते हुए नई दिल्ली, मुंबई, नवी मुंबई, बैंगलोर, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, जयपुर, अहमदाबाद और सूरत में अपने एक्सपीरियंस सेंटर खोलने की योजना बना रही है। यह बिरला ओपस द्वारा भारत का दूसरा सबसे बड़ा डेकोरेटिव पेंट्स ब्रांड बनने के उद्देश्य के अनुरूप है। इस लांच के बारे में रक्षित हरगवे, सीईओ, बिरला ओपस पेंट्स ने कहा कि आज हम गुरुग्राम में अपना पहला बिरला ओपस पेंट स्टूडियो शुरू कर रहे हैं। यह भारत में रंगों के अनुभव को परिभाषित करने की ओर एक निर्णायक कदम है। भारत में ग्राहक उत्पाद और सेवाएं खरीदते वक्त नए और ज्यादा गहरे विकल्पों को खोजने के लिए उत्सुक हैं। ग्राहक व्यवहार में इस परिवर्तन को भाँपकर बिरला ओपस में हम दिलचस्प स्पेस निर्मित कर रहे हैं, जो घर के मालिकों को अपनी खुद की कहानी बयाँ करने में समर्थ बनाएंगे।

# मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन ने सात क्रांतिकारी इनोवेटर्स को किया सम्मानित

नई दिल्ली ( एजेंसी )। भारत में प्रभावशाली नई तकनीकों को बढ़ावा देने वाले अग्रणी संगठन मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन ने जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स के 10वें संस्करण का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में दो सख्त चयन प्रक्रियाओं के बाद सात नवप्रवर्तकों को चुना गया, जिनकी खोजों और तकनीकी समाधानों से उद्योगों और समाज में बड़ा बदलाव आ सकता है। इस चयन प्रक्रिया का नेतृत्व व्यावसायिक और सामाजिक प्रभाव के विशेषज्ञों ने किया देशभर से आए 1,000 से अधिक आवेदनों में से चुने गए ये विजेता अपने अनोखे विचारों से उद्योगों में क्रांति ला रहे हैं। बिजनेस कैटेगरी में चुने गए नवप्रवर्तकों में एस्ट्रोम टेक्नोलॉज़ीस, चारा टेक्नोलॉज़ीस, इंद्रा वाटर और स्कायरूट एयरोस्पेस शामिल हैं। मैरिको लिमिटेड के चेयरमैन और मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन के संस्थापक हर्ष मैरिवाला ने कहा इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स की खासियत यह है कि यह उभरते क्षेत्रों के नवप्रवर्तकों को उनके शुरुआती दौर में पहचानकर सम्मानित करता है। बीते नौ संस्करणों में 70 इनोवेटर्स को सम्मानित किया गया, जिनमें से 80प्रतिशत ने समय की परीक्षा को सफलतापूर्वक पार किया और अपने नवाचारों से भारत में महत्वपूर्ण सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय बदलाव लाए हैं।

# टीम इंडिया ने रचा इतिहास, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को हराया

## टी20 विश्वकप के बाद टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती, पूरी सीरीज में एक भी मैच नहीं हारा भारत

**दुबई ( एजेंसी )।**

भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया है। यह भारत का लगातार दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट खिताब है। इससे पहले 2024 में टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप जीता था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने सात विकेट गंवाकर 50 ओवर में 251 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने 49 ओवर में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। रोहित ने कप्तानी पारी खेली। उन्होंने 76 रन बनाकर भारत को मुश्किल से निकाला। यह भारत की सातवीं आईसीसी ट्रॉफी है। इससे पहले टीम 1983 और 2011 वनडे विश्व कप, 2007 और 2024 टी20 विश्व कप और 2002, 2013 और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत चुकी है। भारत इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा। उसने लगातार पांच मैच जीते। ग्रुप स्टेज में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को हराने के बाद सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया और फाइनल में फिर से कीवियों को हराया।



न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में भारत के सामने 252 रन का लक्ष्य रखा था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम 50 ओवर में सात विकेट गंवाकर 251 रन बना सकी। आखिरी पांच ओवर में 50 रन बने, जिसकी वजह से न्यूजीलैंड इस आंकड़े को छू सका। इसमें सबसे बड़ा योगदान माइकल ब्रेसवेल का रहा। उन्होंने वनडे करियर का पहला अर्धशतक लगाया। ब्रेसवेल ने 40 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 53 रन की नाबाद पारी खेली। इसके अलावा डेरिल मिचेल 63 रन और ग्लेन फिलिप्स ने 34 रन बनाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, जडेजा को एक विकेट मिला। एक विकेट शमी ने लिया और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

कीवियों की शुरुआत अच्छी रही थी। विल यंग और रचिन रवींद्र के बीच 57 रन की साझेदारी हुई। वरुण चक्रवर्ती ने यंग को आउट कर कीवियों को पहला झटका दिया। इसके बाद कुलदीप का कमाल देखने को मिला। उन्होंने रचिन रवींद्र और केन विलियम्सन को पवेलियन भेजा। ये दोनों बल्लेबाज न्यूजीलैंड के लिए रीढ़ की हड्डी रहे हैं। इन दोनों के विकेट गिरते ही कीवी कमजोर पड़ गए। जहां एक समय कीवी छह से ज्यादा के रन रेट से स्कोर कर रहे थे। 18 रन के अंदर शुरुआती तीन विकेट गंवाते ही रन रेट साढ़े चार के करीब आ गया। यंग 15 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, रचिन ने 29 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 37 रन की पारी खेली। विलियम्सन 11 रन बना सके। इसके बाद डेरिल मिचेल ने टॉम लाथम और ग्लेन फिलिप्स के साथ पारी संभालने की कोशिश की। मिचेल ने लाथम के साथ 33 रन की और फिलिप्स के साथ 57 रन की साझेदारी निभाई। लाथम को जडेजा और फिलिप्स को वरुण ने पवेलियन भेजा। लाथम 14 रन और फिलिप्स 34 रन बना सके। इस बीच डेरिल मिचेल ने वनडे करियर का आठवां अर्धशतक लगाया। वह 101 गेंद में तीन चौके की मदद से 63 रन बनाकर आउट हुए।

विश्वकप निशानेबाजी में राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगिताएं होंगी

# जूनियर विश्वकप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**



भारत इस साल 24 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा। विश्वकप निशानेबाजी में राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें । यह हाल के दिनों में का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जो भारत में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा कि पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में सहायता करने के तरीके की प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा कि हमें तब इसकी उम्मीद थी पर अब जब मेजबानी मिलने की आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद शीघ्र ही उन्हें इसके बारे में बताएंगे जिससे सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें। इससे पहले भारत ने दो महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएस एसएफ प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी जिसमें दो विश्व कप फाइनल प्रतियोगितायें और चार सीनियर आईएस एसएफ विश्वकप शामिल हैं। साल 2023 में सीनियर विश्व कप भी भारत में हुआ था!

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### इंग्लैंड के नए वनडे कप्तान बन सकते हैं बेन स्टोक्स

**लंदन ( एजेंसी )।** जोस बटलर के इस्तीफे के बाद इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम की कमान संभाल सकते हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के निदेशक रॉब की ने कहा हैं कि स्टोक्स के नाम पर विचार न करना बड़ी भूल होगी। टेस्ट क्रिकेट में अपनी रणनीतिक कुशलता साबित कर चुके स्टोक्स को अब वनडे टीम का नेतृत्व करने का मौका मिल सकता है। इंग्लैंड के लिए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 बेहद निराशाजनक रहा, जहां टीम एक भी मैच नहीं जीत पाई। इस खराब प्रदर्शन के चलते बटलर ने टूर्नामेंट के बीच में ही कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। इससे पहले भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में भी इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा था। बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाए थे और 2023 विश्व कप के बाद से वनडे क्रिकेट से दूर हैं। हालांकि, उन्होंने पहले भी संन्यास के अपने फैसले को पलटते हुए वनडे में वापसी की थी। ईसीबी के निदेशक की ने स्टोक्स की कप्तानी की तारीफ करते हुए कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में खुद को शानदार रणनीतिकार साबित कर चुके हैं और टीम के खिलाड़ियों से बेहतरीन प्रदर्शन कराने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा, स्टोक्स ऐसा खिलाड़ी है जो दबाव के हालात में टीम की ढाल बनता है और अपने साथियों को आत्मविश्वास देता है।



### चोटिल ब्रायडन की जगह वियान मुल्डर सनराइजर्स में शामिल

**मुंबई ( एजेंसी )।** चोट के कारण इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज वियान मुल्डर को अपनी टीम में शामिल किया है। मुल्डर 75 लाख रुपये में एसआरएच से जुड़ेंगे। 27 वर्षीय मुल्डर ने अब तक 18 टेस्ट, 25 वनडे और 11 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 60 विकेट लेने के अलावा 970 रन भी बनाए हैं। वे दक्षिण अफ्रीका की चैंपियंस ट्रॉफी टीम का भी हिस्सा थे, जो सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हार गई थी। इस टूर्नामेंट में उन्होंने तीन मैचों में 6 विकेट लिए थे, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ 25 रन देकर 3 विकेट लेने का प्रदर्शन शामिल था। ब्रायडन कार्स को सनराइजर्स ने 1 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन भारत के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज के दौरान उनके बाएं पैर की अंगुली में पुरानी चोट फिर से उभर आई। हालांकि, वह ठीक हो गए थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में खेलते समय उनकी चोट और गंभीर हो गई। इस मैच में उन्होंने 7 ओवर में 69 रन लुटाए, जिसके बाद वह पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए।



### टिम साउदी ने किया शमी का समर्थन, कहा गेंद पर लार के प्रतिबंध को हटाया जाएं



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी के उस आह्वान का समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंद पर लार के इस्तेमाल पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मांग की थी। साउदी का मानना है कि इससे गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग हासिल करने में मदद मिलेगी और खेल अधिक रोमांचक बन जाएगा। गौरतलब है कि आईसीसी ने कोविड-19 महामारी के दौरान मई 2020 में अस्थायी रूप से गेंद पर लार के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया था, जिसे सितंबर 2022 में स्थायी कर दिया गया। हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की जीत के बाद शमी ने इस प्रतिबंध को हटाने की मांग की थी। शमी ने कहा था, हम रिवर्स स्विंग हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन लार के उपयोग की अनुमति नहीं है। हम लगातार अपील कर रहे हैं कि गेंदबाजों को इसका उपयोग करने की इजाजत दी जाए, ताकि खेल में संतुलन बना रहे। अब शमी के इस बयान का समर्थन करते हुए टिम साउदी ने आईसीसी से गेंदबाजों को कुछ फायदा देने की अपील की। एक कार्यक्रम के दौरान साउदी ने कहा, यह नियम कोविड के कारण लाया गया था, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। एक गेंदबाज के तौर पर आप चाहते हैं कि आपको भी कुछ लाभ मिले। वर्तमान में टीमें 300 से अधिक रन आसानी से बना रही हैं, इसलिए गेंदबाजों को भी कुछ मदद मिलनी चाहिए। यदि लार की मदद से ऐसा संभव है, तो मुझे नहीं लगता कि इसे वापस लाने में कोई जोखिम है।

### रीयल कश्मीर ने आइजोल एफसी को 2-1 से हराया, गोकुलम केरला भी जीता

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** रीयल कश्मीर एफसी रविवार को यहां आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में आइजोल एफसी पर 2-1 की जीत के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई रीयल कश्मीर की घरेलू मैदान पर यह लगातार पांचवीं जीत है और पिछले पांच मैच में चौथी जीत है। इस जीत के साथ ही रीयल कश्मीर के 18 मैच में 32 अंक हो गए हैं जिससे वह चर्चिल ब्रदर्स और इंटर काशी से दो अंक पीछे हैं। अब जब सिर्फ चार मैच बचे हैं तो खिताब की दौड़ में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। वहीं आइजोल एफसी रेलीगेट (नीचे की श्रेणी में खिसकना) होने की कगार से बाहर होने का मौका चूक गई और 16 अंक लेकर एससी बेंगलुरु से एक स्थान पीछे 11वें स्थान पर है। सेनेगल के करीम सांब (31वें मिनट) ने रीयल कश्मीर को बढ़त दिलाई। फिर लालरिनजुआला (58वें मिनट) ने सत्र का अपना नौवां गोल करके आइजोल एफसी को बराबरी दिलाई। रीयल कश्मीर के लिए ब्राजील के पाउलो सेजार (77वें मिनट) ने विजयी गोल किया। जयपुर में एक अन्य मैच में पूर्व चैंपियन गोकुलम केरला ने राजस्थान यूनाईटेड पर 3-0 से जीत दर्ज की। विजेता टीम ने पहले हाफ में 1-0 की बढ़त बनाई हुई थी। गोकुलम केरला के लिए स्ट्राइकर थाबिसो ब्राउन ने 45वें और 81वें मिनट में दो गोल दागो जबकि अतुल उन्नीकृष्णन ने 57वें मिनट में तीसरा गोल दागा। इस जीत से गोकुलम केरला लीग तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। उसके 18 मैच में 28 अंक है जिससे वह शीर्ष पर चल रही चर्चिल ब्रदर्स से छह अंक नीचे है। राजस्थान यूनाईटेड के 18 मैच में 24 अंक हैं जिससे वह आठवें स्थान पर है।

# आईपीएल ट्रॉफी के बिना अधूरा रहेगा विराट कोहली का करियर : एबी डिविलियर्स

## आरसीबी से जुड़े कोहली ने 140 मैचों में टीम की कप्तानी भी की है

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली का शानदार करियर तब और खास हो जाएगा जब वह आरसीबी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जिताएंगे। यह मानना है दक्षिण अफ्रीका और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का। विराट कोहली 2008 में आईपीएल की शुरुआत से ही आरसीबी से जुड़े हुए हैं और उन्होंने 140 मैचों में टीम की कप्तानी भी की है। हालांकि, अब तक वह एक भी आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं, जिससे उनकी उपलब्धियों की सूची में यह एक अधूरा सपना बना हुआ है। विराट कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 252 मैचों में 38.67 की औसत से 8,004 रन बनाए हैं, जिसमें 8 शतक और 55 अर्धशतक शामिल हैं। वह



इस टूर्नामेंट में 6,769 रनों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद शिखर धवन से काफी आगे हैं। बावजूद इसके, आरसीबी 17 सीजन में एक भी बार चैंपियन नहीं बन सकी है। टीम 2009, 2011 और 2016 में तीन बार फाइनल में पहुंची थी, लेकिन हर बार उसे हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल 2025 की शुरुआत से पहले, डिविलियर्स ने उम्मीद जताई है कि इस बार विराट अपनी टीम के लिए खिताब जीत सकते हैं।

# 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतना चाहते हैं एथलीट प्रवीण चित्रावेल

## प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे

**विजयनगर ( एजेंसी )।**

एथलीट प्रवीण चित्रावेल का लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे। वह 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था।

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जिससे वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल कर सकें। प्रवीण ने कहा, 'मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए




प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल आदि। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक खो दिया था। मैंने एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक जीता है। इस एथलीट ने कहा, 'मुझे भरोसा है कि मैं एशियाई खेल आइची-नागोया 2026 में पदक जीतूंगा पर मैं राष्ट्रमंडल खेलों 2026 में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्टूबर क होंगे। के प्रवीण ने कहा कि इस वह 2025 में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.37 मीटर है, यह एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है इसलिए मैं फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं।

# इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोईन अली ने कहा एकदिवसीय क्रिक्रट प्रारुप भविष्य नहीं है

## मोइन ने कहा कि इसका कारण बल्लेबाजों के पक्ष में नियमों का होना है

**ई दिल्ली ( एजेंसी )।**

इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोईन अली ने कहा है कि एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप भविष्य नहीं है। मोइन ने कहा कि इसका कारण बल्लेबाजों के पक्ष में नियमों का होना है। जिससे गेंदबाजों के लिए इस प्रारुप में कुछ नहीं बचा है। साथ ही कहा कि इसी कारण आजकल टी20 लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले साल संन्यास लेने वाले मोईन ने इंग्लैंड की ओर से 138 एकदिवसीय मैचों में 2,355 रन बनाने के अलावा 111 विकेट भी लिए हैं। वहीं 68 टेस्ट मैच में उन्होंने 3000 से अधिक रन बनाए हैं और 200 से अधिक विकेट लिए हैं। वह आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट



राइडर्स की ओर से खेलेंगे। मोईन ने कहा, ''विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी को छोड़कर एकदिवसीय प्रारूप लगभग पूरी तरह समाप्त हो गया है। यह खेलने के लिए सबसे खराब प्रारूप है और मुझे लगता है कि इसके कई कारण हैं। पहले के समय में पहले पावरप्ले के बाद सर्कल के बाहर पांच क्षेत्ररक्षक हुआ करते थे पर पिछले कुछ साल में यह संख्या चार हो गई है जिससे बीच के ओवरों में बल्लेबाजी करना आसान हो गया है। इतना ही नहीं दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है जो पहले नहीं होता था जिससे बल्लेबाजों के लिए रन बनाना अब बहुत आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि नियम बहुत खराब हैं। पहले पावरप्ले के बाद अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक रखना, मुझे लगता है कि विकेट लेने और किसी भी तरह का दबाव बनाने के लिए यह एक खराब नियम है। इसी वजह से अब खिलाड़ी एकदिवसीय क्रिकेट में 60 और 70 का औसत बना रहे हैं।

# जयपुर में पांच आईपीएल मैचों के लिए सवाई मानसिंह स्टेडियम में तैयारियां जोरों पर

## आईपीएल 2025 के मुकाबले 22 मार्च से शुरु होने जा रहा हैं

**जयपुर ( एजेंसी )।**

आईपीएल 2025 के मुकाबले 22 मार्च से शुरु होने जा रहे हैं। इस बार जयपुर में भी पांच मुकाबले खेले जाएंगे। इन मैचों के लिए सवाई मानसिंह स्टेडियम में भी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में आईपीएल के लिए कार्यक्रम जारी किया था। इस कार्यक्रम के तहत ही 65 दिन में 74 मैच खेले जाएंगे। आईपीएल को लेकर इस बार बीसीसीआई ने नए नियम भी जारी किये हैं। इनके अनुसार अब खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और दोस्त ड्रेसिंग रूम में नहीं जा




सकेंगे। ये नियम अभ्यास के दौरान भी लागू रहेगा। इसके साथ ही टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को टीम बस से ही यात्रा करनी होगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजियों को स्पष्ट रुप से आदेश दिया है कि परिवार के अलावा अभ्यास मैच के दौरान केवल मान्यता प्राप्त स्टाफ ही ड्रेसिंग रूम और खेल के मैदान पर जा सकेंगे, इन बातों के अलावा बीसीसीआई ने मैच के दिन के नियम भी नियम तय किए हैं जिसके अनुसार मैच के दौरान एलईडी बोर्ड्स के सामने बैठने की अनुमति नहीं होगी, खिलाड़ियों को ऑरेंज और पर्पल कैप पहननी होगी। परिवार और दोस्त अलग वाहन से यात्रा करेंगे और हॉस्पिटैलिटी एरिया से अभ्यास देख सकते हैं, साथ ही मैच से पहले अभ्यास करने के लिए टीमों को 2 नेट्स और मुख्य मैदान पर 1 साइड विकेट मिलेगा, ओपन नेट्स की अनुमति नहीं रहेगी, इसके अलावा और भी अन्य नियम तय किए गए हैं जिनका खिलाड़ियों को पालन करना होगा।

# भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ मेरी गहरी दोस्ती, मुझे कभी नहीं लगा कि टीम छोड़कर चले गये

## कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के मालिक शाहरुख खान ने कहा

**मुंबई ( एजेंसी )।**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम के मालिक शाहरुख खान ने कहा है टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ उनकी गहरी दोस्ती है। इसलिए उन्हें कभी नहीं लगा कि वह टीम छोड़कर चले गये हैं। गंभीर साल 2017 में टीम छोड़कर चले गये थे पर इसके बाद उन्होंने कोच के तौर पर वापसी करते हुए 2024 में केकेआर को जीत दिलायी। तब श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था। शाहरुख ने कहा, मैंने इस बीच कभी नहीं सोचा था कि गंभीर हमें छोड़कर चले गए हैं। गंभीर के साथ वर्षों से हमेशा एक प्यारा रिश्ता रहा है। कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिनके साथ दोस्ती मजबूत बनी



हुई है और गौतम गंभीर उनमें से एक हैं। उनके लिए यह एक बड़ी घर वापसी थी। गंभीर को साल 2024 के अंत में भारतीय टीम का मुख्य कोच बनाया गया और वह एक बार फिर केकेआर से अलग हो गये। वहीं केकेआर के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि साल 2017 में गंभीर के फ्रेंचाइज से जाने से टीम के प्रदर्शन पर भी पड़ा। उसी दिशा पर भी प्रभाव पड़ा। आप हमेशा केकेआर से उच्च स्तर पर प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं, और जब प्रदर्शन टीम के आभा से मेल नहीं खाता, तो यह स्पष्ट हो गया कि कुछ बदलना होगा। उथप्पा ने कहा, जैसे ही मैंने सुना कि गंभीर वापस आ रहे हैं, मुझे याद है कि मैंने ट्वीट किया था कि ये सबसे अच्छी बात यह है। वहीं पूर्व भारतीय बल्लेबाज अजय जडेजा ने कहा कि केकेआर और सौरव गांगुली के बीच संबंध, चाहे प्रशंसकों के साथ हों या टीम के भीतर, अच्छे परिणाम नहीं दे रहे थे। इसलिए, 2011 में, एक बड़े बदलाव की योजना बनाई गई। 2011 से पहले, केकेआर को सौरव गांगुली की टीम के रूप में देखा जाता था पर उसके बाद ये गंभीर के नेतृत्व में शाहरुख की टीम बन गई।

# कैसे माही की एक सलाह ने मुझे आत्मविश्वास दिलाया : त्रिपाठी

## 2017 में आईपीएल में पदार्पण के दौरान मदद की

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

भारतीय क्रिकेटर राहुल त्रिपाठी ने बताया कि कैसे पूर्व कप्तान एमएस धोनी की सलाह ने उन्हें 2017 में आईपीएल में पदार्पण के दौरान मदद की। फ्रैंचाइजी के लिए अपने पहले मैच से पहले माही ने त्रिपाठी को शांत करने में मदद की। उन्होंने कहा, अपना पहला मैच खेलने से दो दिन पहले, मैं ड्रेसिंग रूम में उन्हें देख रहा था। उन्होंने मुझे बुलाकर कहा कि मैं कुछ भी अतिरिक्त करने या सोचने की कोशिश न करूं और मुझे प्रशिक्षण के दौरान जिस तरह से खेल रहा था, उसी तरह खेलने के लिए माही ने कहा। यह देखते हुए कि यह सलाह उस कद के क्रिकेटर से आई थी और यह तथ्य कि मैं अपना पहला मैच खेलने जा रहा था, इससे मुझे बहुत आत्मविश्वास मिला।



माही की इस सलाह ने वास्तव में मेरी घबराहट को शांत किया। उन्होंने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनके साथ समय बिताने का मौका मिला। क्रिकेट जगत में कई लोगों का सपना होता है कि वे उनके साथ क्रिकेट के अनुभव साझा करें और उनके साथ खेलें। उनके साथ रहकर मैंने देखा है कि वे कितने सरल हैं।

# भगोरिया की मस्ती में झूमते-नाचते टोलियों को देखकर पाँव अपने आप लगते हैं थिरकने : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## झाबुआ जिले में जल प्रदाय के लिए अनास नदी को नर्मदा नदी से जोड़ने की योजना का होगा परीक्षण

मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि झाबुआ जिले की सांस्कृतिक विविधता एवं महत्व को परिलक्षित करते भगोरिया हाट में सम्मिलित होकर बहुत आनंद आया है। फागुन का रंग चढ़ रहा है। भगोरिया में मदमस्त टोलियों ने एक नए उत्साह का संचार किया है, मन प्रफुल्लित हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम स्थल पर ढोल-मांदल लिये नृत्य करते हुए दलों के साथ भगोरिया की मस्ती में झूम उठे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भील महासम्मेलन का भारत माता, क्रांतिसूर्य टंट्या भील, राणा पुंजा एवं शबरी माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगोरिया में मस्ती में झूमते-नाचते टोलियों को देखकर पाँव अपने आप थिरकने लगते हैं। उन्होंने कहा कि झाबुआ में हजारों वर्षों से फागुन के माह में ढोल-मांदल की थाप पर भगोरिया उत्सव मनाया जाता रहा है, जो कि इसकी पहचान बन गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आप अपने पूर्वजों का अभिनंदन करें और संस्कृति और विरासत को बनाये रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय समाज के विकास के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार तत्परता से कार्य कर रही है। अब रोजगार के लिये युवाओं को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार प्रत्येक क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय विद्यार्थियों के लिये मेडिकल कॉलेज सहित अन्य प्रोफेशनल कोर्स की निःशुल्क कोचिंग शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज खोलने की नीति में बदलाव किया गया है। इसमें सबसे पहले जनजातीय बहुल अंचल में मेडिकल कॉलेज खोले जायेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सोलर पम्प योजना के तहत निःशुल्क बिजली देकर हर खेत तक पानी पहुंचायेंगे। उद्योगों की स्थापना के लिये अनुदान नीति बनायी गयी है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिये निःशुल्क एयर एम्बुलेंस सेवा की व्यवस्था की गयी है और दूध उत्पादकों को दूध उत्पादन पर 5 प्रतिशत बोनस तथा गाय खरीदने पर अनुदान दिया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झाबुआ जिले में जल प्रदाय के लिये अनास नदी को नर्मदा नदी से जोड़ने की योजना के परीक्षण के निर्देश दिये।



## जीआईएस-भोपाल से स्पीड-अप होने लगा ईवी और ऑटोमोबाइल सेक्टरः सीएम



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीआईएस भोपाल के शुभारंभ पर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के पंजीकरण की बढ़ती संख्या को मध्यप्रदेश में ईवी क्रांति की बढ़ती स्वीकार्यता और निवेशकों के लिए इसमें अपार संभावनाओं को रेखांकित किया था। मध्यप्रदेश ऑटोमोबाइल और ईवी के क्षेत्र में न केवल निर्माण बल्कि नवाचार और अनुसंधान के हब के रूप में उभर रहा है। सरकार निवेशकों को हरसंभव सुविधाएं प्रदान कर रही है। मध्यप्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ऑटोमोबाइल सेक्टर को जबरदस्त गति मिल रही है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) भोपाल के मंच से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को इस क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। जीआईएस-भोपाल में देश-विदेश की प्रमुख ऑटोमोबाइल और ईवी कंपनियों ने हिस्सा लिया। वर्तमान में प्रदेश में 30 से अधिक मूल उपकरण निर्माता कंपनियां कार्यरत हैं और 200 से अधिक कंपनियां वाहन कल-पुर्जों का निर्माण कर रही हैं। वाणिज्यिक वाहन निर्माण में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है, जबकि बस और ट्रैक्टर निर्माण में यह दूसरे स्थान पर है।

### हीलिंग होम ट्रस्ट ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वीर नारियों को किया सम्मानित

# वीर नारियों के सशक्तिकरण के महत्व पर बल देना बेहद जरुरीः डॉ राजीव चोपड़ा



विशेष संवाददाता/मध्य स्वर्णिम

**भोपाल।** हीलिंग होम ट्रस्ट ने होटल लेक व्यू अशोक भोपाल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें वीर नारियों (युद्ध विधवाओं) को सिलाई मशीन और आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 21 वीर नारियों को सशक्त बनाना था, जिससे वे अपने परिवारों का समर्थन कर सकें।

विंग कमांडर डॉ राजीव चोपड़ा हीलिंग होम ट्रस्ट के संस्थापक और अध्यक्ष ने वीर नारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके सशक्तिकरण के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम में विश्वास सारंग (कैबिनेट मंत्री, एमपी खेल और युवा मामले) और मालती राय (महापौर, भोपाल) जैसे प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया। जिन्होंने इस नेक काम का समर्थन किया।



कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा वीर नारियों के साहस और बलिदान को स्वीकार करने वाला एक संबोधन शामिल था। सिलाई मशीनों के वितरण के अलावा, कार्यक्रम में टेलरिंग कौशल, उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता पर केंद्रित एक इंटरैक्टिव प्रशिक्षण सत्र शामिल था। विशेषज्ञों ने कार्यशालाएं आयोजित की, जिसमें व्यवसाय स्थापित करने और प्रबंधित करने के विभिन्न पहलुओं पर लाभार्थियों को शिक्षित किया गया। हीलिंग होम ट्रस्ट ने युद्ध विधवाओं और वंचित महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई पहल की हैं। संगठन ने लगातार स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करने, कौशल विकास को बढ़ावा देने और महिलाओं के बीच वित्तीय साक्षरता में सुधार करने के लिए काम किया है।

वीर नारियों ने जो सिलाई मशीन और प्रशिक्षण प्राप्त किया, उन्होंने हीलिंग होम ट्रस्ट के प्रति अपना हृदय से आभार व्यक्त किया। लाभार्थियों में से एक, ममता जी, ने अपने विचार साझा किए 'यह सिलाई मशीन सिर्फ एक उपकरण नहीं है; यह मेरे लिए एक नई शुरुआत है।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### जब नैतिक मूल्यों की गिरावट होती है, तो सख्ती से कानून की ओर जाना पड़ता है : पटेल

**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि देवलिया जी के परिजनों का ह्रदय से आभार करता हूँ, क्योंकि उन्होंने उनकी स्वाध्याय की; लेखन की; शिक्षा,ज्ञान बांटने की परंपरा का, उनके मन में जो आत्मभाव था,उसे पारितोषक के रूप में इस आयोजन के रूप में सतत बनाए रखा है। मंत्री पटेल आज भोपाल में माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय एवम शोध संस्थान में राज्य स्तरीय अलंकरण एवं देवलिया स्मृति व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री पटेल ने इस वर्ष के राज्य स्तरीय भुवनभूषण देवलिया पत्रकारिता सम्मान से वरिष्ठ पत्रकार राजेश पांडेय को उनकी सुदीर्घ पत्रकारिता के लिए प्रदान किया। समिति के इस 14वें वार्षिक आयोजन के अंतर्गत उन्हें सम्मान स्वरूप 11 हजार रुपए एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। मंत्री पटेल ने कहा कि जब 'एक देश-एक कानून' की बात होती है, तो मेरा स्वयं का जो सार्वजनिक जीवन है, वो कम से कम चार दशक का है। उन्होंने कहा कि जो संविधान में लिखा हुआ है कि इस पर विचार करना चाहिए। मैं भी इस बात का हिमायती हूं कि संविधान आपको क्लिष्ट लग सकता है, लेकिन संविधान सभा की बहस; हमारे मन में जो प्रश्न पैदा होते हैं, इन प्रश्नों के उत्तर के समान है और रोचक भी है।

### इंदौर शहर को सिग्नल-लैस शहर बनाने की योजना पर कार्य

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग इंदौर को सिग्नल-लैस शहर बनाने की योजना पर कार्य कर रहा है। इसका उद्देश्य शहर में यातायात को निर्बाध रूप से संचालित करना है। योजना के तहत फ्लाई-ओवर, बाय-लेन, अंडर पास और इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम जैसी पहल लागू की जा रही हैं। योजना के पूरा होने पर इंदौर शहर में नागरिकों का यात्रा समय कम होगा और ट्रैफिक सुचारु रहेगा। सिग्नल-लैस योजना तेजी से बढ़ते शहरी यातायात को सुविधाजनक बनाने और यात्रा समय को कम करने में मदद करेगी। ऑर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग यातायात प्रबंधन को अधिक स्मॉर्ट और कुशल बनाने में भी किया जा रहा है। इस तकनीक से दुघर्टनाओं में कमी भी आयेगी।

# राज्यपाल ने अंगदान जनजागृति कार रैली को राजभवन से हरी झंडी दिखा किया रवाना



**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ऑर्गन डोनेशन कार रैली को हरी झंडी दिखाकर राजभवन से रवाना किया। रैली का आयोजन जी.एम.सी एल्यूमनी एसोसिएशन और किरण फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। राज्यपाल पटेल ने राजभवन में अंगदाताओं के परिजनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा मौजूद थे।

राज्यपाल पटेल ने राजभवन के गेट नंबर एक से वाहन रैली को रवाना किया। उन्होंने देहदानी डॉ. एस.आर. मोघे, देहदानी, नेत्रदानी मीरा गोहिया, नेत्रदानी गणेश कुमार पटेल, नेत्रदानी, देहदानी राम कृपाल सिंह, नेत्रदानी आशा देवी लोकवानी, नेत्रदानी चंद्र भूषण सिंह और नेत्रदानी, देहदानी राधेश्याम पटेल के परिजनों को सम्मानित किया।

# सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के मड़ई में 7वें पक्षी सर्वे की शुरूआत




**भोपाल।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम् के अंतर्गत 3 दिवसीय 7वाँ पक्षी सर्वे 10 मार्च को मड़ई में होगा। क्षेत्र संचालक श्रीमती राखी नंदा एवं उप संचालक सुश्री पूजा नागले की उपस्थिति में सर्वे किया जायेगा। पक्षी सर्वे संस्था वाइल्ड वरियर इंदौर के सहयोग से किया जा रहा है।

पक्षी सर्वे में मध्यप्रदेश के अलावा 11 राज्य छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, झारखण्ड और दिल्ली से आये 76 प्रतिभागियों एवं 8 स्थानीय प्रकृति गाइड, टाइगर रिजर्व के समस्त स्टॉफ द्वारा भाग लिया जा रहा है। पक्षी सर्वे में दो प्रतिभागियों की टीम टाइगर रिजर्व के विभिन्न 38 कैम्पों में रहकर सुबह एवं शाम को पक्षियों की गणना करेंगे। पक्षी सर्वे का समापन 11 मार्च को मड़ई में किया जायेगा। सर्वे के शुभारंभ अवसर पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम के समस्त सहायक संचालक, परिक्षेत्र अधिकारी एवं संस्था वाइल्ड वरियर इंदौर के डायरेक्टर सचिन मटकर, स्वप्निल फणसे, रितेश खाबिआ, अंशुमन शर्मा और वन परिक्षेत्र कामती के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहेंगे।

# पीसीओएस के बचाव एवं रोकथाम पर विशेषज्ञों ने किया विचार-विमर्श

## पीसीओएस विषय पर मध्यप्रदेश की प्रथम राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस




**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पीसीओएस (पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम) के प्रति जागरूकता बढ़ाने, बचाव के उपायों पर चर्चा करने, नीतिगत सुझाव पर विमर्श देने के उद्देश्य से कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) भोपाल में एक दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस हुई।

उल्लेखनीय है कि यह पीसीओएस विषय पर मध्यप्रदेश की प्रथम राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस है। कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, संदीप यादव द्वारा किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना, संचालक हेल्थ एवं स्टेट नोडल, प्रिवेंटिव गायनेकोलॉजी एंड इंफर्टिलिटी डॉ. रचना दुबे, पीसीओएस सोसाइटी ऑफ इंडिया की प्रेसीडेंट डॉ. दुरु शाह तथा कानपुर की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीरा अग्निहोत्री विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कॉन्फ्रेंस में पीसीओएस के बचाव एवं रोकथाम पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया, जिसमें विभिन्न चिकित्सा विधाओं के विशेषज्ञों ने सहभागिता की।

# जीडीएम दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य संस्थाओं में जागरूकता का आयोजन किया गया

*__भोपाल।__ जीडीएम दिवस के अवसर पर जेस्टेशनल डायबिटीज मेलिटस के प्रति जागरूकता हेतु आज स्वास्थ्य संस्थाओं में जागरूकता एवं जीडीएम स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया गया है। जिसमें गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को जीडीएम जांच एवं गर्भावस्था में शीघ्र पंजीयन करवाने की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी जाएगी। मातृ एवं शिशु रोग रुग्णता के कारणों में जेस्टेशनल डायबिटीज मेलाइटिस एक गंभीर समस्या है। जिससे मां एवं शिशु के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव हो सकते हैं।जेस्टेशनल डायबिटीज मेलिटस वह अवस्था होती है जिसमें गर्भावस्था में पहली बार खून में बढ़ी हुई शुगर का पता चलता है या पहली बार गर्भावस्था में खून में शुगर बढ़ जाती है। गर्भावस्था में शारीरिक एवं हार्मोनल परिवर्तन के कारण शरीर शुगर का इस्तेमाल सामान्य रूप से नहीं कर पाता है, इसकी वजह से खून में शुगर का स्तर बढ़ जाता है । यह मां और गर्भ में शिशु के लिए हानिकारक होता है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि महिला को गर्भवती होने का पता चलते ही आशा कार्यकर्ता अथवा स्वास्थ्य कर्मी से संपर्क कर अपना पंजीयन एवं जांच आवश्यक रूप से करवानी चाहिए। जीडीएम जांच की सुविधा जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध है।*

### सरकार के वादाखिलाफी को लेकर किसान कांग्रेस आज घेरेगी विधानसभा

# भाजपा कई योजना करेगी बंदः सज्जन वर्मा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस भोपाल के रंगमहल चौराहे पर सोमवार सुबह 11 बजे किसानों को न्याय दिलाने के लिए प्रदर्शन कर विधानसभा का घेराव करेगी। घेराव की जानकारी देने के लिए बुलाई गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि लाड़ली बहना, किसान सम्मान निधि जैसी फ्री-बीज़ योजनाओं को बीजेपी खुद सुप्रीम कोर्ट जाकर बंद करवा देगी। बिहार विधानसभा चुनाव के एक महीने बाद ही ये योजनाएं बंद हो सकती हैं। वर्मा ने कहा कि बिहार के चुनाव सामने हैं। इसलिए ये फ्री-बीज की एक नई पॉलिसी लेकर आ रहे हैं।

चूंकि, बीजेपी को बिहार का चुनाव जीतना है। वैसे कई राज्यों में वह जीत चुकी है। चूंकि, लाड़ली बहना और महाराष्ट्र सहित तमाम ऐसी स्कीम एक्सपोज हो गई हैं।



### सिर्फ भाषणों से नहीं होगा किसानों का सशक्तिकरण

वर्मा ने कहा कि किसान कांग्रेस के नेतृत्व में कल विधानसभा का घेराव किया जाएगा। मैं देखता हूं कि जब भी किसान का मामला आता है तो हम शहर वाले लोगों को लगता है कि कहां बात हो रही है? जबकि इस देश में 60 प्रतिशत आबादी किसान की है। हम पल बढ़ रहे हैं तो उसके पीछे किसान हैं। सिर्फ मोदी जी और मोहन यादव के भाषण देने से किसान का सशक्तिकरण और किसान मजबूत नहीं हो सकता। हमारी बहुत लंबे समय से मांग है कि गेहूं का भाव 3 हजार रुपए प्रति क्विंटल किया जाए। बीजेपी ने 26 सौ रुपए में गेहूं खरीदी कराने की घोषणा की है। उन्होने कहा कि अखबार उठाकर देख लीजिए कल इंदौर की मंडी में 3 हजार से 3100 रुपए क्विंटल गेहूं व्यापारी ने खरीदा है तो सरकार 2600 रुपए पर खरीदकर किसान को क्या ठगना चाहती है। किसान की 3 हजार की मांग वाजिब है। किसान ज्यादा पैसे के लालच में व्यापारी को बेचता है। कई बार कुछ फर्जी व्यापारी किसानों का करोड़ों रुपए गेहूं खरीदकर गायब हो जाते हैं। इसलिए हम दबाव डालते हैं कि सरकार 3 हजार रुपए गेहूं का मूल्य करें।

### बाबा रामदेव को 50 एकड़ जमीन दी

सज्जन वर्मा ने कहा कि 5 साल पहले जब इन्वेस्टर्स मीट हुई थी। तब पतंजलि के फूं-फां करने वाले बाबा रामदेव को 50 एकड़ जमीन दी गई थी। उन्होंने कहा था हम 500 करोड़ रुपए खर्च करेंगे। पीथमपुर में आप देखिए एक कौड़ी खर्च नहीं की। इतना बड़ा उदाहरण होने के बाद भी इस इन्वेस्टर्स समिट के आरंभ में ही अधिकारी दौड़ते हुए जाते हैं और बाबा रामदेव के साथी बालकृष्ण को 432 एकड़ जमीन देने का लेटर देकर आ गए। इतना तो अंधा भी समझता है कि 50 एकड़ जमीन देने पर कुछ नहीं किया। अब 432 एकड़ जमीन इसलिए दी ताकि आंकडे बढ़े हुए दिखे। हमारा ये मुद्दा रहेगा कि पिछली सात-आठ इन्वेस्टर्स मीट में जो एमओयू हुए थे उनमें से कितने धरातल पर उतरे और इस बार की समिट में जो एमओयू हुए उनमें से कितने लोगों ने आगे एग्रीमेंट किया? दिग्विजय सिंह जब मुख्यमंत्री थे। तब मैं मंत्री हुआ करता था। बजट सत्र 75 दिन चलता था।

### पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर स्थापना 11 लाख पार

#### इंदौर शहर में अब तक 4.92 लाख स्मार्ट मीटर लगे

**इंदौर।** डिजिटल इंडिया की दिशा में तेजी से बढ़ते हुए मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी स्मार्ट मीटर योजना का प्रभावी संचालन कर रही है। अब तक पश्चिम मप्र में 11 लाख पांच हजार से ज्यादा स्मार्ट मीटर स्थापित हो चुके हैं। संख्यात्मक रूप से सबसे ज्यादा स्मार्ट मीटर इंदौर, उज्जैन, रतलाम में लगाए गए हैं। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि अत्याधुनिक स्मार्ट मीटरों की तेजी से स्थापना हो रही है। वर्तमान में इंदौर जैसे महानगर के अलावा उज्जैन, रतलाम जैसे अन्य बड़े नगर, जिला मुख्यालयों, नपा क्षेत्रों मे बिजली उपभोक्ताओं के यहां प्राथमिकतापूर्वक नि :शुल्क स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इंदौर शहर में अब तक 4 लाख 92 हजार और पश्चिम मप्र में 11.05 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

# सरकार के मंत्रियों के 2500 से ज्यादा जवाब हवा हवाई

### भाजपा नहीं, ये आश्वासन की सरकारः जीतू पटवारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधान सभा में मंत्रियों के 2500 से ज्यादा जवाब में केलव अश्ववास मिला है। इस मामले पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा है कि कि मोहन सरकार, शिवराज की तरह सदन में झूठ के पांव पर सरक रही। मध्यप्रदेश विधानसभा में सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों और सरकार की ओर से दिए गए जवाब केवल आश्वासन हैं। मामले को लेकर उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कार्टून कैरिकेचर के साथ पोस्ट किया है।



जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा- भाजपा नहीं, ये आश्वासन सरकार卐 है! मप्र विधानसभा में जनता से जुड़े सवालों पर मुख्यमंत्री मंत्रियों के 2500 से ज्यादा जवाब सिर्फ आश्वासन बने हुए हैं! मतलब साफ है @DrMohanYada151 सत्ता भी @ChouhanShivraj सरकार की तरह ही सदन में झूठ के पांव पर सरक रही है! नीचे दर्ज आंकड़े @BJPyMP सत्ता के केवल 10 विभागों के हैं, लेकिन झूठ की ऐसी झूठी राजनीति सरकार के हर विभाग की है!